ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक यूरेशिया

वर्षः 3 अंक : 231
मेरठ, शुक्रवार, 21 जून 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवर





योग दिवस की पूर्वबेला पर सागर महिला मण्डल ने करवाया योग...4


राष्ट्रहित सर्वोपरि


सुभारती डिजाइन के छात्रों ने एचएसई यूनिवर्सिटी....... 6


एक नजर..

## हरिद्वार में 'बीयर चौलेंज' पर फंसा यूटयूबर, हुई कार्रवाई



हरिद्वार, (एजेंसी) सोशल मीडिया ऐप 'इंस्टाग्राम' पर अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए यहां प्रतिबंधित क्षेत्र में बीयर बांटना एक यूट्यूबर को महंगा पड़ गया और उसे पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा। पुलिस ने सिडकुल के निवासी अंकुर चौधरी को हिरासत में लेकर उसका चालान काटा गया और उसे सरेआम लोगों से माफी भी मांगनी पड़ी। दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें यूट्यूबर अंकुर चौधरी अपने चौनल पर सब्सक्राइबर, कमेंट और लाइक बढ़ाने के लिए कनखल में जगह-जगह गुपचुप तरीके से मुफ्त में बीयर बांटते दिखाई दिए थे। हरिद्वार के कनखल क्षेत्र में मांस-मदिरा प्रतिबंधित है।'बीयर चौलेंज' के इस वीडियो पर तीर्थ पुरोहितों ने यूट्यूबर के खिलाफक्कड़ी करवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने यूट्यूबर चौधरी को धर दबोचा।

## लश्कर से जुड़े थे बारामूला में मारे गये आतंकी



श्रीनगर, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे और लश्कर ए तैयबा (एलईटी) से जुड़े हुए थे। राष्ट्रीय राइफल्स सेक्टर-7 के कमांडर ब्रिगेडियर दीपक मोहन ने राफियाबाद में संवाददाताओं को बताया, 'मारे गये आतंकवादियों की पहचान उस्मान और उमर के रूप में हुई है और दोनों ही पाकिस्तानी मूल के हैं। दोनों ही एलईटी से जुड़े हुए थे।' उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया था और दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। ब्रिगेडियर ने कहा कि उस्मान वर्ष 2020 से कश्मीर घाटी में सक्रिय था।

## बालकनी से गिरे पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन, मौत



बेंगलुरु, (एजेंसी) भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के कारण मौत हो गई। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वह 52 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। जॉनसन अपने घर के पास में ही क्रिकेट अकादमी चला रहे थे लेकिन पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। केएससीए के अधिकारी ने पीटीआई से कहा,''हमें बताया गया कि वह अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिर गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।'

जॉनसन ने भारत की तरफसे दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने कुल 39 प्रथम श्रेणी मैच खेले। वह कर्नाटक की उस मजबूत गेंदबाजी इकाई का हिस्सा थे, जिसमें अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, वेंकटेश प्रसाद और डोडा गणेश शामिल थे। भारत के पूर्व गेंदबाज और जॉनसन के लंबे समय तक साथी रहे गणेश ने कहा,''यह बेहद दुखद खबर है क्योंकि हम टेनिस क्रिकेट के दिनों से ही एक क्लब जय कर्नाटक की तरफसे खेला करते थे।'

उन्होंने कहा,''इसके बाद हम राज्य और देश के लिए भी साथ में खेले। कर्नाटक का यह गेंदबाजी आक्रमण लंबे समय तक भारतीय गेंदबाजी आक्रमण दे रहा।

# बिहार में गिरफ्तार परीक्षार्थियों ने माना 32 लाख में खरीदा पेपर

### नीट-यूजी पेपर 'लीक' मामला



नयी दिल्ली, (एजेंसी) नीट-यूजी प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के बीच, बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई द्वारा गिरफ्तार किए गए चार उम्मीदवारों ने कबूल किया कि वे परीक्षा की पूर्व संध्या पर पटना के रामकृष्ण नगर में एकत्र हुए थे, जहां उन्हें प्रश्न पत्र मिला। पुलिस द्वारा साझा किए गए उनके हलफिया बयानों से पता चला कि चारों छात्रों ने पेपर की सौदेबाजी 32 लाख रुपये में की। पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों, नीतीश कुमार और अमित आनंद को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने अपना अपराध भी कबूल कर लिया है।

आरोपी नीतीश ने पुलिस को बताया कि वह अमित के साथ अपने दोस्त सिकंदर पी यादवेंदु से दानापुर नगर परिषद कार्यालय में मिले, जहां वह जूनियर इंजीनियर के रूप में काम करता है। वहां उसे बताया कि वे किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न पत्र को लीक कर सकते हैं। नीतीश ने अपने इकबालिया बयान में कहा, 'यादवेन्दु ने हमसे पूछा कि क्या हम उन 4-5 लड़कों की मदद कर सकते हैं जो नीट-यूजी की तैयारी कर रहे हैं। हमने उससे कहा कि 30-32 लाख रुपये खर्च होंगे। यादवेंदु ने हां कर दी और कहा कि वह हमें छात्रों से मिलवाएगा।' बिहार लोक सेवा आयोग के प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप का सामना कर रहे नीतीश ने यह भी खुलासा किया कि 4 मई की रात को उम्मीदवारों को उत्तर के साथ-साथ प्रश्न भी याद कराए गए थे। अपराध कबूलने वाले अमित ने कहा कि यादवेंदु की गिरफ्तारी के बाद उसने प्रश्नपत्र जला दिए। पुलिस को दिए बयान में उसने कहा कि छापेमारी के दौरान पुलिस को पेपर के जले हुए टुकड़े भी मिले। पटना के शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन को दिए गए अपने स्वीकारोक्ति पत्र में, एनईईटी-यूजी देने वाले एक उम्मीदवार अनुराग यादव (22) ने कहा कि उसे अपने चाचा यादवेंदु का फोन आया, और उसे परीक्षा की तैयारी के रूप में कोटा से लौटने के लिए कहा। उसने कहा, 'मैं 4 मई की रात को अमित और नीतीश से मिला। मुझे उत्तरों के साथ एक प्रश्न पत्र दिया गया और उस रात इसे याद करने के लिए कहा गया। अगले दिन मुझे पेपर में वही प्रश्न मिले जो मैंने याद किए थे। परीक्षा के बाद पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया। बजाया गया कि एक अन्य छात्र शिवनंदन कुमार ने भी यही बात कबूली। इस बीच, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट तलब की है।

# ईडी ने हाई कोर्ट में केजरीवाल को मिली जमानत को चुनौती दी



नयी दिल्ली, (एजेंसी) ।अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी।

बता दें, एक स्थानीय अदालत ने गत दिवस केजरीवाल को जमानत दे दी थी। विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने अरविंद केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आग्रह भी खारिज कर दिया था। ईडी 48 घंटे की रोक के दौरान ऊपरी अदालत जा सकती थी।

विशेष न्यायाधीश ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल को रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने साथ ही आप नेता पर कई शर्तें भी लगायीं जिनमें यह भी शामिल है कि वह जांच को बाधित करने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे।

विशेष न्यायाधीश ने केजरीवाल को यह भी निर्देश दिया कि जब भी जरूरी होगा, वह अदालत में पेश होंगे तथा जांच में सहयोग करेंगे। विशेष न्यायाधीश ने दिन में ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

ईडी ने अपराध से हुई कथित कमाई और सह आरोपियों के साथ केजरीवाल का संबंध स्थापित करने की कोशिश की जबकि बचाव पक्ष ने दावा किया कि अभियोजन के पास आप नेता को घेरने के लिए सबूत नहीं है। केजरीवाल के वकील कल जमानती बांड भर सकते हैं जिसके बाद उन्हें तिहाड़ जेल से रिहा किया जाएगा।

# लू से अब तक 110 लोगों की मौत, 40 हजार से अधिक मामले आए सामने



नयी दिल्ली, (एजेंसी) इस वर्ष एक मार्च से लेकर 18 जून के बीच में देश के बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी ने कम से कम 110 लोगों की जान ले ली और 40,000 से अधिक लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा।

स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है। यहां लू और तापघात से करीब 36 लोगों की मौत हई है।

उसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई हैं। एक अधिकारिक सूत्र ने बताया, 'उपलब्ध आंकड़े राज्यों की ओर से दिए गए अंतिम आंकडें नहीं हैं। इसलिए यह संख्या बढ़ भी सकती है।'

जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ18 जून को ही तापघात से छह लोगों की मौत हुई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में है, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है और केंद्र को ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पतालों में विशेष इकाईयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है।

स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने बुधवार को निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू की जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए की अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें।

उन्होंने लू और तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों के तहत स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लू के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया गया है।

इसके तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के अंतर्गत राज्य नोडल अधिकारियों से कहा गया है कि वे एक मार्च से तापघात के मामलों और मौतों तथा कुल मौतों के आंकड़ों को प्रतिदिन जारी करना शुरू करें, साथ ही गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत उनकी जानकारी भी उपलब्ध कराएं।

परामर्श में कहा गया है कि सभी जिलों में तापजनित बीमारियों (एचआरआई) पर राष्ट्रीय कार्य योजना का प्रसार सुनिश्चित करें तथा एचआरआई के लिए स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारी को सुदृढ़ करें।

परामर्श में रोकथाम और प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य सुविधा तैयार करने लिए पर्याप्त मात्रा में ओआरएस पैक, आवश्यक दवाएं, आईवी तरल पदार्थ, बर्फ( आइस पैक) और उपकरणों की खरीद और आपूर्ति के निर्देश भी दिए गए हैं।

इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं में पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता, प्रतीक्षा और रोगी उपचार क्षेत्र में ठंडक बनाए रखने के लिए उपकरणों को लगाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ अस्पतालों में लू और तापघात के मामलों की जल्द से जल्द जांच की व्यवस्था पर भी जोर दिया गया।

दिल्ली में गर्मी की वजह से 24 घंटे में 17 लोगों की मौत

दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) और सफ्दरजंग अस्पतालों में बीते 24 घंटे में संदिग्ध रूप से गर्मी की वजह से बीमार पड़े 17 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली में बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि बृहस्पतिवार को सुबह हल्की बारिश होने से शहरवासियों को कुछ राहत मिली है। दिल्ली के अस्पतालों में भीषण गर्मी की वजह से बीमार पड़े मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

सफ्दरजंग अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, गर्मी की वजह से बीमार पड़े 33 मरीजों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटे में 33 में से 13 रोगियों की मौत हो गई है।

आरएमएल अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि अस्पताल में बीते 24 घंटे में संदिग्ध रूप से गर्मी की वजह से बीमार पड़े 22 लोगों को भर्ती कराया गया जिनमें से चार की मौत हो गई है।

# जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाएंगे :मोदी



श्रीनगर, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के दिनों में जम्मू एवं कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार इस पूर्ववर्ती प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अमन और इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वो यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद अब जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे मोदी शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जनता को सिर्फहम पर विश्वास है और इस विश्वास व उनकी आकांक्षाओं को हमारी सरकार ही पूरा कर सकती है।

# मोदी ने यूक्रेन-रूस युद्ध रुकवा दिया, पर पेपर लीक नहीं रोक पाए: राहुल गांधी



नयी दिल्ली, (एजेंसी) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते। उन्होंने यह दावा भी किया कि शिक्षण संस्थाओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है और जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाता तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे।राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि विपक्ष संसद के आगामी सत्र में इस मुद्दे को उठाएगा। उन्होंने कहा, 'कहा जा रहा था कि नरेंद्र मोदी जी रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई रोक दी थी3 लेकिन हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या रोकना नहीं चाहते।'राहुल गांधी ने दावा किया कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में हुए 'व्यापम' घोटाले को पूरे देश में फैलाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, 'मामले की जांच की जा रही है3कोई न कोई जिम्मेदार है। उन्हे पकड़ा जाना चाहिए।'मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा है।

# हरियाणा से नहीं मिल रहा पानी, आतिशी बैठेंगी भूख हड़ताल पर



नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी हरियाणा से प्रतिदिन 100 मिलियन गैलन पानी छोड़े जाने की अपनी मांग को लेकर दक्षिण दिल्ली के भोगल इलाके में दोपहर 12 बजे से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगी।

आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हरसंभव प्रयास करने के बाद भी हरियाणा सरकार दिल्ली को पूरा पानी नहीं दे रही है। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने से पहले आतिशी सुबह 11 बजे राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सिखाया है कि अगर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना हो तो सत्याग्रह का रास्ता अपनाना होगा। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता ने 'एक्स' पर कहा,' आज से 'पानी सत्याग्रह' शुरू करूंगी3 मैं आज 12 बजे से भोगल, जंगपुरा में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करूंगी। जब तक दिल्ली वालों को हरियाणा से अपने हक का पानी नहीं मिलेगा तब तक अनशन पर रहूंगी।'

आतिशी ने इससे पहले दावा किया था कि हरियाणा पिछले दो सप्ताह से दिल्ली को उसके हिस्से के 613 एमजीडी पानी के मुकाबले प्रतिदिन 100 मिलियन गैलन कम पानी छोड़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली में 28 लाख लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने के कारण पानी की मांग बढ़ गई है।

# पंजाब में नशे के जाल के पीछे आईएसआई : डीजीपी



चंडीगढ़, (एजेंसी) पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा कथित तौर पर नशे के सौदागरों से मिलीभगत के कारण लगभग 10,000 पुलिस कर्मियों के तबादले की घोषणा के दो दिन बाद, पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने पुलिस कर्मियों का जोरदार बचाव किया। उन्होंने तबादलों को प्रशासनिक कार्यवाही बताया। उन्होंने कहा, 'इस फेरबदल में कोई भी व्यक्ति ड्रग से जुड़े मामलों में शामिल नहीं है। ये तबादले 2020 में बनाई गई राज्य नीति का हिस्सा थे, जिसके तहत एक निश्चित अवधि में तबादले आवश्यक हैं।'

एक विशेष बातचीत में डीजीपी यादव ने नशे की तस्करी के कई पहलुओं पर बात की। उन्होंने कहा, 'पंजाब में नशे की तस्करी के पीछे पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) का हाथ है। भारत में नार्को-आतंकवाद के पीछे यह मुख्य भूमिका में है।' डीजीपी ने कहा कि खस्ताहाल आर्थिक स्थिति वाला पाकिस्तान अवैध ड्रग व्यापार के सहारे जी रहा है। उन्होंने कहा, 'वर्ष 2019 से अब तक सीमा पार से 906 ड्रोन भेजे जा चुके हैं। इस साल भी अब तक पंजाब पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर 247 ड्रोन में से 101 को मार गिराया।' दशकों से राज्य में यह खतरा एक बार फिर सामने आया है, जब इस महीने कथित तौर पर ड्रग ओवरडोज के कारण 14 लोगों की मौत हो गई।

डीजीपी ने जोर देकर कहा कि ड्रग तस्करों के साथ मिलीभगत के प्रति उनकी जीरो टॉलरेंस की नीति है। बर्खास्त और ड्रग के मामले में लिप्त पुलिसकर्मी राजजीत सिंह को एक साल से अधिक समय से गिरफ्तार करने में पुलिस की विफलता पर, डीजीपी ने कहा, 'ड्रग्स के खिलाफ विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के एडीजीपी नीलाभ किशोर इस पर काम कर रहे हैं।' यह दावा करते हुए कि ड्रग्स के खिलाफ एक बहुआयामी रणनीति का खाका तैयार किया जा रहा है, डीजीपी ने जोर देकर कहा कि पंजाब पुलिस अकेले ड्रग तस्करी से नहीं लड़ सकती। राज्य की अन्य एजेंसियों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी इसमें योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि 2017 से ड्रग की बरामदगी में 560 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, 'हमने 2017 में 170 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। पिछले साल यह जब्ती 1,350 किलोग्राम थी। इस साल, लगभग 500 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं।'

आतंकवाद से निपटी है बहादुर पंजाब पुलिस पंजाब पुलिस के बारे में उन्होंने कहा कि यह एक बहादुर पुलिस बल है जिसने आतंकवाद से लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि कुछ मुलाजिम 'काले भेड़' भी होते हैं। हमने उन पर सख्त कार्रवाई की है। बर्खास्त तक किया है।


पोस्टर
पैम्पलेट
फ्लैक्स बैनर
फ्लैक्स बोर्ड
स्टेशनरी
पुस्तकें
सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
यूरेशिया प्रिंटिंग प्रेस
9410231400
7533833844
7533833855
0121-4324497
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
Email: ureshiyapress@gmail.com
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

## एक नजर..

### आमने सामने आयी खाकी

युरेशिया संवाददाता

कोसीकलां। प्रभारी निरीक्षक के आदेष पर पर अपराध के उपनिरीक्षक चेतराम शर्मा पर अभियुक्तगण द्वारा दी गयी तहरीर की जांच करने गए शाहपुर चौकी प्रभारी सोनू भाटी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर, सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं सोनू भाटी को झूठे मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से षडयन्त्र रचकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी जानकारी के बिना उसके के खाते में फोन पे द्वारा मो.न 9899247273 में 2000 रूपये भेज देने के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नाबालिग के पिता ने अज्ञातों के खिलाफकराया मुकदमा

युरेशिया संवाददाता

कोंसीकलां। चौकी क्षेत्र के कालोनी निवासी एक मजदूर ने उसकी 13 वर्षीय (मंदबुद्दी, गूंगी एंव बहरी) नाबालिग के साथ बंधक बनाकर दुराचार करने एवं शरीर पर कई जगह चोट के निशान होने का आरोप लगाते हुए थाना कोसीकलां में अज्ञात लोगों के खिलाफथाना कोसीकलां में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है।

### चाकू सहित तीन दबोचे

युरेशिया संवाददाता

कोसीकलां। थाना पुलिस ने शनिदेव परिक्रमा मार्ग से गांव गिडोह की तरफ आने वाले रास्ते से एक युवक को हिरासत में ले जेल भेजा है। युवक ने अपना नाम सुखबीर पुत्र गोविन्द सिंह निवासी गांव दहगाँव बताया। युवक के कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया। वहीं दूसरी ओर वाटर सप्लाई से कुछ ही दूरी पर गांव लालपुर के समीप से विशाल पुत्र करतार, अर्जुन पुत्र राधेलाल निवासीगण दहगांव से दो चाकू बरामद किए गए।

### शराब सहित एक पकडा

युरेशिया संवाददाता

कोसीकलां। थाना पुलिस ने कोटवन वॉर्डर स्थित जीएसटी ऑफिस के पास से गौरव पुत्र कान्ता निवासी रामहेत कालोनी भुलवाना थाना होडल जिला पलवल हरियाणा को 44 क्वाटर सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## प्रेमी युगल ने खाया जहर, प्रेमी की मौत



युरेशिया संवाददाता

अंबेडकर नगर। राजकीय डॉ. अंबेडकर उद्यान अकबरपुर में प्रेमी युगल ने जहर खा लिया। सूचना पर पुलिस ने प्रेमी प्रेमिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्रेमी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं प्रेमिका की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने लखनऊ हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के लारपुर के बक्कसपुर निवासी सूरज वर्मा 35 वर्ष दिल्ली में चाय की दुकान चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। दिल्ली से 28 मई को अपने घर आया था। वर्ष 2011 में पिता की मौत हो चुकी है। इंस्टाग्राम के जरिए सूरज वर्मा का अयोध्या के पूरा बाजार बरौली की एक युवती से जान पहचान हो गई। दोनों के बीच बातचीत होने पर प्रेम हो गया। दोनों एक साथ जीने मरने की कसमें खाने लगे। प्रेमी दो दिन पहले पत्नी सरिता देवी को दिल्ली भेज कर प्रेमिका से मिलने पहुंच गया।

गुरुवार को प्रेमी प्रेमिका ने अकबरपुर के राजकीय डॉ आंबेडकर उद्यान में एक साथ जहर खा लिया।इससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान प्रेमी सूरज वर्मा की मौत हो गई। जबकि प्रेमिका की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों के साथ सजन जिला अस्पताल पहुंच गए। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता सहारा था। युवक की मौत पर गांव में मातम का माहौल है वहीं माता गुलाबा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। विधवा मां का चिराग बुझ जाने से घर में मातम का माहौल है।

### दो बेटियों के सिर से उठ गया पिता का साया

सम्मनपुर के लारपुर बक्कसपुर निवासी सूरज वर्मा अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। वही परिवार का पालन पोषण के लिए घर में कमाने वाला एकमात्र सहारा था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के घर सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा है। दो बेटियां परी 10 वर्ष, व मिट्ठू 7 वर्ष को यह विश्वास ही नहीं हो रहा की उसके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे।

## क्षेत्राधिकारी ने थाना मालीपुर का किया निरीक्षण,की प्रसंशा



युरेशिया संवाददाता

अंबेडकर नगर। अम्बेडकर नगर। जनपद के मालीपुर थाने के अर्ध वार्षिक निरीक्षण के दौरान अभिलेख तथा थाने के कार्यालय से लेकर पूरे थाना परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया।सीओ ने मालखाना में सुरक्षित रखे सामानों व साक्ष्यों को देखा और उसका मिलान कराया। इस दौरान रजिस्टर में कमी पाए जाने पर सुधारने की नसीहत दी। सीओ ने परिसर की साफसफाई के साथ पुलिस कर्मियों के लिए बन रहे आवास और कार्यालय को देखा और ठेकेदार को समय से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। आगंतुक रजिस्टर, उनकी समस्याओं और उस पर लगाई गई आख्या से मिलान कराया। रजिस्टर में दर्ज कुछ पीड़ितों से मोबाइल पर बात कर पुलिस के व्यवहार के प्रति जानकारी ली।

लंबित विवेचना, मुख्यमंत्री संदर्भित शिकायतों के गुणवत्ता परक निस्तारण का आदेश दिया। मेस के निरीक्षण में भोजन की गुणवत्ता देखा। इस दौरान थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी समेत अन्य उपनिरीक्षक और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# धनगर जाति प्रमाण पत्र प्रकरण, बाटी प्रधान को डी एम ने किया पदमुक्त

विकास गौतम / युरेशिया

मथुरा। मथुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बाटी के एस सी के लिए आरक्षित प्रधान पद पर पाल बघेल गडरिया समाज के व्यक्ति ने धनगर जाति प्रमाण पत्र (एस सी) को लगाकर प्रधान पद के लिए नामांकन किया था जिसमें उसकी जीत हो गई प्रतिद्वंदी प्रत्याशी ने इस मामले की शासन और प्रशासन को शिकायत की गई शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में गठित स्कूटनी समिति ने मामले की गंभीरता को लेते हुए जांच उपरांत एक दो बार नहीं तीन बार निरस्त कर दिया जिसकी अपील मंडल आयुक्त मेरठ के यहां की गई वहां से भी मंडल स्तर पर गठित स्कूटी समिति ने धनगर जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया जिसके आधार पर जिलाधिकारी ने प्रधान को उसके पद से हटा दिया है इस मामले में एससी एसटी एक्ट के तहत पुलिस में मामला बिचाराधीन है।

जानकारी के अनुसार मथुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बाटी का प्रधान पद 2021 में हुए चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था। प्रधान पद के लिए विभिन्न अनुसूचित जाति के लोगों ने चुनाव में भाग लिया इसी में संजय बघेल पुत्र दरियाव सिंह ने भी गाजियाबाद की सदर तहसील से जारी धनगर जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जाति के आधार पर प्रधान पद का चुनाव लड़ा जिसमें संजय बघेल निर्वाचित हो गए। इस चुनाव में प्रेमचंद पुत्र रामजीलाल जाटव ने भी प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ा था जो मामूली अंतर से चुनाव हार गया था।

प्रेमचंद ने निर्वाचित प्रधान संजय बघेल की जाति प्रमाण पत्र को चुनौती देते हुए शासन और प्रशासन के साथ जिलाधिकारी गाजियाबाद को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की थी शिकायत पर जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में पांच सदस्यों वाली स्कूटनी समिति का गठन किया गया।

समिति ने अपने फैसले में संजय बघेल के द्वारा तथ्यों को छुपा कर बनबाये धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया।

संजय बघेल के द्वारा विभिन्न तरीके के आरोपों और प्रत्यारोपण के बीच गाजियाबाद की जिला स्तरीय स्कूटनी समिति ने संजय बघेल के जाति प्रमाण पत्र को लगातार तीन बार निरस्त किया गया इस आदेश को चुनौती देते हुए मंडल आयुक्त मेरठ के समक्ष अपील की जिस पर मंडल स्तरीय स्कूटनी समिति ने जांच और सुनवाई को पूर्ण करते हुए संजय बघेल प्रधान के धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया।

मंडल आयुक्त मेरठ के आदेश के जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कार्रवाई करते हुए 14 जून को दिए अपने आदेश के अनुसार निर्वाचित प्रधान संजय बघेल को प्रधान पद से हटा दिया गया है। बताया जाता है संजय बघेल के विरुद्ध प्रेमचंद की शिकायत पर अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अलावा विभिन्न सुसंगत धाराओं में मामला पुलिस के स्तर पर बिचाराधीन है। मथुरा में यह पहला मामला नहीं है इससे पूर्व नगर निगम मथुरा वृंदावन के अडूकी बार्ड 10 से पाल बघेल और गडरिया समाज के व्यक्ति ने धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र से पार्षद का चुनाव लड़ा था एस मामले में भी कानूनी कार्रवाई के बाद उसे पार्षद पद की कुर्सी गवानी पड़ी थी।

# समाचारपत्रों के हितों के लिए प्रधानमंत्री मोदी से की मांग, आरएनआई की मनमानी पर लगे रोक- बीएसपीएस

**देशभर के मध्यम एवं लघु समाचार पत्रों को समाप्त करने का सूनियोजित ढंग से रचा जा रहा षडयंत्र।**

**आधी-अधूरी जानकारी के साथ नया पोर्टल बनने से अखबार और पत्रिकाओं के प्रकाशक उलझन में आ रहे हैं - डॉ इन्दु बंसल**



गौहर अनवार/ युरेशिया

दिल्ली। देशभर के मध्यम एवं लघु समाचार पत्रों को समाप्त करने के लिये त्छप् सूनियोजित ढंग से षडयंत्र रच रही है, जिससे देशभर के हजारों, समाचार पत्रों से जुड़े लाखों पत्रकार एवं समाचार पत्र से जुड़े कर्मी बेरोजगार हो जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ इन्दु बंसल ने बताया कि प्रति वर्ष त्छप् रिटर्न दाखिल करने के लिए समाचार पत्र-पत्रिकाओं से वार्षिक विवरण मांगा जाता है, जिसे प्रकाशक अपने समाचार पत्र की जानकारियां आनलाइन भरकर भेज दिया करते थे। इस बार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने रिटर्न जमा करने के लिए एक नये पोर्टल के साथ संशोधन करते हुए कुछ नये और कड़े प्रावधानों को जोड़े दिया है, जिससे समाचार पत्र प्रकाशकों को काफी परेशानी हो रही है। इसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट (ब।) के साथ ही प्रेस संचालक (प्रिंटर्स) को भी पैनल में शामिल किया गया है। इससे समाचार पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशकों को रिटर्न फाइल करने में समस्या आ रही है। यदि इन प्रावधानों को सरल नहीं किया गया तो कई समाचार पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशक रिटर्न जमा करने से वंचित रह जायेंगे। डॉ बंसल ने बताया कि आधी-अधूरी जानकारी के साथ नया पोर्टल बनने से अखबार और पत्रिकाओं के प्रकाशक उलझन में आ रहे हैं। डॉ बंसल ने बताया कि भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की ओर से संघ के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखित पत्र प्रेषित कर इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करते हुए पूर्व की तरह आरएनआई रिटर्न लेने की मांग की है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ बंसल के कहा कि बीएसपीएस आरएनआई की इस नई व्यवस्था का कड़ा विरोध करता है। उन्हों ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर संगठन न्यायायल भी जाने से पीछे नहीं हटेगा।

# अधिकारी तत्परता से करें कार्य- ऊर्जा राज्यमंत्री डा0 सोमेन्द्र तोमर

**भीषण गर्मी में सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए ऊर्जा राज्यमंत्री डा0 सोमेन्द्र तोमर ने जनपद के विद्युत अधिकारियों के साथ की बैठक**



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अधिकारी तत्परता से कार्य करें। उपभोक्ता संवाद बेहतर बनायें और उपभोक्ताओं की बिजली समस्याओं के निराकरण के लिए आगे आकर कार्य करें तथा जनप्रतिनिधि-गण से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। यह बात उत्तर प्रदेश सरकार में ऊर्जा राज्यमंत्री डा0 सोमेन्द्र तोमर ने गुरूवार को पश्चिमांचल डिस्कांम ऊर्जा भवन मेरठ के सभागार में, मेरठ क्षेत्र - प्रथम मेरठ एवं मेरठ क्षेत्र - द्वितीय मेरठ के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं। बैठक में उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करानें, विद्युत लाईन हानियों को न्यूनतम किये जाने, योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन एवं राजस्व वसूली में वृद्धि आदि पर चर्चा की गयी। बैठक में ईशा दुहन, प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 ने ऊर्जा राज्य मंत्री डा0 सामेन्द्र तोमर का बुके देकर स्वागत किया। बैठक में एस0के0 पुरवार, निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन), एन0के0 मिश्र, निदेशक (तकनीकी), संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), स्वतंत्र देव तोमर, निदेशक (वित्त), मुख्य अभियन्ता (वितरण), अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) एवं अधिशासी अभियन्ता स्तर तक के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में ऊर्जा राज्य मंत्री डा0 सोमेन्द्र तोमर ने निर्देश दिये कि ब्रेक डाउन या विद्युत आपूर्ति में व्यवधान की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। साथ ही मुख्य अभियन्ता, मेरठ क्षेत्र -प्रथम, मेरठ एवं मुख्य अभियन्ता, मेरठ क्षेत्र - द्वितीय मेरठ को निर्देश दिये कि विद्युत चोरी पर अंकुश लगाने हेतु सकारात्मक प्रयास सर्वोच्च प्राथमिकता पर किये जायें। उन्होनें निर्देश दिये कि भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने हेतु क्षेत्रीयध्मण्डलीयध्खण्डीय कार्यालय में सम्बद्ध अधिशासी अभियंताध्सहायक अभियंताध्अवर अभियंताध्टी0जी0-2 की डयूटी रात्रि 08.00 बजे से 12.00 बजे तक उपकेन्द्र पर विद्युत आपूर्ति निरीक्षणध्भ्रमण करने हेतु सुनिश्चित किया जाये। क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर को निर्धारित समय सीमा के अतंर्गत बदला जाये तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियोंध्कर्मचारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। एक की स्थान पर बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहे ट्रांसफार्मर की स्थलीय निरीक्षण करा कर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित की जाये। कार्यशाला में ठीक किये जा रहे ट्रांसफार्मर में लगाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जाँच कराई जायें। भण्डार खण्ड में तैनात सहायक अभियंताध्स्टोर कीपर के द्वारा किसानों को पी0टी0 डब्ल्यू0 के नये संयोजनों की सामग्री ससमय उपलब्ध कराई जायें जिससे किसान उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होनें कहा कि आर0डी0एस0एस0 योजना एवं बिजनेस प्लान में स्वीकृत कार्य को कराने में तेजी लायी जाये। जहाँ हाई लांस फीडर हैं वहाँ प्राथमिकता पर चौकिंग कराकर, राजस्व हानि को न्यूनतम किया जाये। बैठक के अन्त में प्रबन्ध निदेशक ने ऊर्जा राज्य मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशोंध्मार्ग दर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होनें कहा कि उपभोक्तओं को सुचारू रूप से निर्वाध विद्युत आपूर्ति देने के साथ साथ विद्युत लाईन हानियों को न्यूनतम करने एवं राजस्व वृद्धि हेतु सकारात्मक प्रयास सर्वोच्च प्राथमिकता पर किये जायेंगे। बैठक के उपरान्त ऊर्जा राज्य मंत्री द्वारा डिस्काम मुख्यालय में स्थित कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया गया। कन्ट्रोल रूम पर ऊर्जा राज्य मंत्री द्वारा विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली गयी और कन्ट्रोल रूम के अभिलेखों का निरीक्षण भी किया गया। उन्होनें कहा कि उपभोक्ता हित में नयी व्यवस्थाएं बनायी जाएं उन्होनें उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने एवं समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने के निर्देश दिये। उन्होनें शिकायत रजिस्टर मे अंकित शिकायतों का जायजा लिया और शिकायत रजिस्टर में दर्ज की गयी गंगोल क्षेत्र के उपभोक्ता शेर सिंह द्वारा दर्ज कराई गयी शिकायत के निस्तारण की जानकारी ली गयी। उन्होनें शिकायतकर्ता से दूरभाष पर शिकायत के निस्तारण होने की जानकारी प्राप्त की और शिकायत निस्तारण न होने पर खेद व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड - प्रथम मेरठ एवं अधिशासी अभियन्ता कंट्रोल रूप को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए और इसकी पुर्नावत्ति न हो।

# अमिताभ ठाकुर ने संगीत सोम के द्वारा लगाए गए आरोपों की लोकपाल से करी जांच कर कार्रवाई की मांग

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान के चुनाव हारने के बाद भाजपा नेता व सरधना के पूर्व विधायक संगीत सोम और डॉ संजीव बालियान के बीच शुरू हुआ आपसी विवाद पहले ही काफी चर्चित हो चुका है। भाजपा के इन दोनों नेताओं के विवाद के बीच अब आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने भी एंट्री मार दी है। जिन्होंने पूर्व विधायक संगीत सोम की प्रेस वार्ता में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान के संबंध में बांटे गए पर्चों तथा उसके क्रम में उत्पन्न तमाम परिस्थितियों के आधार पर भारत के लोकपाल को शिकायत भेज कर इनकी जांच की मांग की है। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि संगीत सोम की प्रेस वार्ता में संजीव बालियान के संबंध में बांटे गए पर्चे में उन पर हजारों करोड़ों की संपत्ति अर्जित किए जाने के आरोप हैं। प्रेस नोट में बालियान द्वारा सरकारी पद का दुरुपयोग कर अपनी कंपनियों को गलत फायदा दिलाए जाने, कतिपय लोगों के साथ मिलकर बेनामी संपत्ति अर्जित किए जाने, शुक्र तीर्थ में लगभग 800 बीघा और ऑस्ट्रेलिया में सैकड़ो एकड़ बेनामी जमीन खरीदने, सरकारी योजनाओं के धन को हड़पने सहित तमाम अन्य गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा कि इन पर्चों के बांटे जाने के बाद सामने आए घटनाक्रम से स्पष्ट है कि इन आरोपों की गहन जांच आवश्यक है। उन्होंने भारत के लोकपाल से इन आरोपों की जांच कर कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

## कार्य पूर्ण होने से पहले ही गिरने लगी बाउंड्री वॉल जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

युरेशिया सवादाता



अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तहसील जलालपुर अन्तर्गत विकास खण्ड भियांव के ग्राम पंचायत माधवपुर में जल जीवन मिशन द्वारा बनाई जा रही माधवपुर व निमटिनी पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा माधवपुर पेयजल योजना में बाउंड्री वॉल में नींव की गहराई कम पाई गई तथा बाउंड्री वॉल की गुणवत्ता भी निम्न कोटि की पाई गई माधवपुर में टंकी का बाउंड्रीवॉल गिरने की वजह से जिलाधिकारी ने सीमेंट तथा ईंट जांच हेतु भिजवाया गया जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम को फटकार लगाते हुए इस बाउंड्री को तोड़कर पुनः बाउंड्री वॉल बनवाए जाने के निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान निमटिनी पेयजल योजना में गुणवत्ता सही पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम को कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह, अधिशाषी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा, विंध्यटेलिलिक्स के साइट इंजीनियर उपस्थिति रहे।

## कार्य पूर्ण होने से पहले ही गिरने लगी बाउंड्री वॉल जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



युरेशिया सवादाता

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तहसील जलालपुर अन्तर्गत विकास खण्ड भियांव के ग्राम पंचायत माधवपुर में जल जीवन मिशन द्वारा बनाई जा रही माधवपुर व निमटिनी पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा माधवपुर पेयजल योजना में बाउंड्री वॉल में नींव की गहराई कम पाई गई तथा बाउंड्री वॉल की गुणवत्ता भी निम्न कोटि की पाई गई माधवपुर में टंकी का बाउंड्रीवॉल गिरने की वजह से जिलाधिकारी ने सीमेंट तथा ईंट जांच हेतु भिजवाया गया जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम को फटकार लगाते हुए इस बाउंड्री को तोड़कर पुनः बाउंड्री वॉल बनवाए जाने के निर्देश दिए गए निरीक्षण के दौरान निमटिनी पेयजल योजना में गुणवत्ता सही पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियंता जल निगम को कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह, अधिशाषी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा, विंध्यटेलिलिक्स के साइट इंजीनियर उपस्थिति रहे।

## 28 जून को होगी लगभग 11900 लीटर कैरोसिन ऑयल की नीलामी-उप जिलाधिकारी तहसील मवाना

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। उप जिलाधिकारी तहसील मवाना ने बताया कि मा0 न्यायालय अपर जिलाधिकारी प्रशासन मेरठ के द्वारा वाद सं0-3853/2021, कम्प्यूटरीकृत वाद सं0-डी 20211152000 3583, धारा-6ए आवश्यक वस्तु अधिनियम सरकार बनाम मंगल सैन उर्फटोनी, थाना किठौर, जनपद मेरठ में दिनांक 21.02.2023 को आदेश पारित कर बरामदशुदा लगभग 11900 लीटर कैरोसीन ऑयल को आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-6(ए) के अंतर्गत जब्त किया गया है तथा जब्तशुदा सामग्री को नियमानुसार नीलाम कराकर शासकीय मद में धनराशि जमा करने हेतु निर्देश दिये गये हैं। जिसके संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी, मेरठ द्वारा कार्यालय पत्र दिनांक 10.03.2023 के द्वारा पत्र प्रेषित कर उक्त बरामद लगभग 11900 लीटर कैरोसिन ऑयल की नीलामी की कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। अतः उपरोक्त के दृष्टिगत कुल लगभग 11900 लीटर कैरोसिन ऑयल की नीलामी आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-6(ए) के अंतर्गत की जानी है। उक्त नीलामी के लिए दिनांक 28 जून 2024 समय 11.00 बजे निर्धारित है। नीलामी स्थल- हुसने आलम, निवासी-ग्राम राधना इनायतपुर, ब्लॉक माछरा, जनपद मेरठ के घर है।

## 15 जुलाई तक इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु जमा करे आवेदन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शैलेष रॉय ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि 03 दिसम्बर, 2024 को ''विश्व दिव्यांग दिवस'' के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारीध्स्वनियोजित दिव्यांगजन हेतु, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी हेतु, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था हेतु, प्रेरणा स्रोत हेतु, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए, दिव्यांगजन हेतु ''बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाए प्रदान करने वाला सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग व्यस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालकध्बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस के लिए, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों के लिए, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारीध्कर्मचारी के लिए निम्न श्रेणी में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जाने हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं। राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट www.uphwd.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, मेरठ से प्राप्त की जा सकती है, यदि कोई अन्य जानकारी प्राप्त करनी है तो किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन मेरठ में सम्पर्क कर सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन समस्त प्रपत्रों के साथ 15 जुलाई, 2024 तक 02 प्रतियों में कार्यालय, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन मेरठ में जमा करा सकते हैं।

## 21 जून को गंग नहर, दौराला पुल सरधना पर किया जायेगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। प्रभागीय निदेशकध्सदस्य संयोजक जिला गंगा समिति मेरठ राजेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारीध्अध्यक्ष जिला गंगा समिति मेरठ के निर्देशानुसार दिनांक 21 जून 2024 को प्रातः 05.30 बजे से जिला गंगा समिति मेरठ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन गंग नहर, दौराला पुल सरधना पर किया जायेगा। कार्यक्रम हेतु अधिक जानकारी के लिए तुषार गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) मेरठ से उनके मोबाइल नं0-7906313901 पर संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर..

## घर में घुसकर फायरिंग करने के वांछित आरोपी भेजा जेल



युरेशिया संवाददाता

कैराना। पुलिस ने घर में घुसकर फायरिंग करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को किया गिरफ्तार। गत सोमवार को नगर के मोहल्ला आलखुर्द निवासी साजिद के घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से उसके पत्नी और पुत्र पर फायरिंग करने के मामले में वांछित चल रहे अकबर पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम गन्दराऊ को बृहस्पतिवार को कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक अनिरुद्ध कुमार ने मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया हैं ।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए चालान कर जेल भेज दिया है ।सीओ कैराना अमरदीप मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने घटना में लिफ्ट जावेद व यहिया को एक दिन पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।वही घटना में अकबर को गिरफ्तार किया गया है ।साथ ही शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम में लगाई गई है ।शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## पौधारोपण कर सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया




युरेशिया संवाददाता

झिंझाना। नगर पंचायत प्रांगण में अधिशासी अधिकारी एवं चेयरमेन द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमे अधिक से अधिक पौधा रोपण कर पौधों की देखभाल एवं पानी दिये जाने के लिए कर्मचारियों एवं आमजन को भी जागरुक किया गया ।वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई मित्रों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा। बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप एवं अधिशासी अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा नगर पंचायत प्रांगण में वेस्ट टू वंडर पार्क में ब्रांड एम्बेसडर द्वारा पौधारोपण किया गया। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के समस्त पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी ने निर्देश दिए के पौधों की देखरेख कर उन्हें समय-समय पर पानी दिया जाए व आसपास के क्षेत्र में भी ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण किया जाए। उसके बाद कार्यालय परिसर मे सफाई मित्रों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सफाई मित्रों को गीले व सूखे कूड़े के बारे में विस्तार से बताते हुए उनका निस्तारण करने की प्रक्रिया बताई गई। सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।वही आने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 से संबंधित उचित जानकारी देते हुए उन्हें पूर्ण रूप से पालन करने के लिए निर्देश दिए गए ।इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सतलोक आश्रम वेद्खेडी शामली में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब



युरेशिया संवाददाता

झिंझाना। कबीर साहब प्रकट 627वां मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पहले दिन बड़ी संख्या मे श्रद्धालु सतलोक आश्रम वैदखेडी पहुंचे। जिसमे प्रदेश के सभी जिलो के लोगो ने भाग लिया। समागम में आए लोगों ने भंडारे में बने देशी घी के प्रसाद लड्डू, जलेबी, मिठाई, हलवा, पूड़ी, आदि का आनंद लिया और अमर ग्रंथ की वाणी का श्रवण किया ।आश्रम के मुख्य द्वार के समीप परमेश्वर कबीर साहब के अवतरण को प्रदर्शनी के माध्यम से बहुत अच्छे तरीके से दिखाया गया।

सतलोक आश्रम वेदखेडी में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा 20 से 22 जून तक कबीर साहब के 627वें प्रकट दिवस पर भव्य समागम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में चल रहा है। स्वेच्छा से सैंकड़ों दहेज रहित विवाह, सैकड़ों की संख्या में जनहित के लिए रक्तदान। सभी वर्ग और धर्म के लोगों को बराबरी का सम्मान तथा मानवता की मिसाल पेश की जा रही है। संत रामपाल द्वारा निःशुल्क नाम दीक्षा भी दी जा रही है ।कबीर प्रकट दिवस पर समागम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के रहने, खाने, पीने आदि की सभी व्यवस्थाएं बिल्कुल निःशुल्क की गई है। इस समागम में विशाल भंडारे में सभी खाद्य पदार्थ जैसे पूरी, रोटी (फुल्का), सब्जी, दाल, चावल आदि भोज्य पदार्थ देशी घी में तैयार किए गए है । साथ ही भण्डारे में लड्डू प्रसाद भी वितरित किया गया। श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या को देखते हुए रोटी बनाने के लिए मशीनों का भी उपयोग किया जा रहा है। जोकि एक घंटे में हजारों रोटियाँ एक बार में बना देती हैं। संत रामपाल महाराज के अनुयायी इस अवसर पर दहेज मुक्त शादियों का भी आयोजन करेंगे। आध्यात्मिक प्रदर्शनी, रक्तदान शिविर, और नेत्र जांच शिविर जैसी गतिविधियां होंगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व दिवस पर योग सत्र का किया गया आयोजन

युरेशिया संवाददाता




छपरौली। संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा मे बृहस्पतिवार को ष्अंतरराष्ट्रीय योग दिवसष् के पूर्व दिवस पर एक योग सत्र का आयोजन किया गया। योग सत्र शिक्षा ऋषि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण विश्रुतपाणि ( स्वामी करुणानंद ) जी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री, डायरेक्टर धर्मेन्द्र शर्मा व दिनेश शर्मा तथा प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया। योग सत्र में आचार्य श्री ने अनेक योग, उनके महत्व और लाभ बताए। उन्होंने योग का अर्थ ईश्वर से खुद को जोड़ना बताते हुए ध्यान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कोई भी ध्यान के माध्यम से स्वयं की शुद्धि कर सकता है। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में ऊर्जा दो दिशाओं में गतिशील हो सकती है, अगर ऊपर की तरफहोती है तो हम सफलता के शिखर पर पहुंच जाते हैं और अगर नीचे की तरफ गतिशील होती है तो नीचता की पराकाष्ठा प्राप्त करते हैं। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत और अभिनन्दन करते हुए कहा कि आप सभी की उपस्थिति संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा परिवार के लिए गौरवान्वित करने वाली है। डायरेक्टर धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके आगमन से संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा परिवार को नयी ऊर्जा मिलती है। योग सत्र में क्षेत्र से गणमान्य व्यक्ति जैसे पूर्व ए सी पी दिल्ली पुलिस दिनेश कुमार, पूर्व रिवेन्यू अधिकारी ईश्वर दयाल शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य कालीचरण शर्मा, प्रधान जी कृष्ण दत्त शर्मा, मास्टर कृष्णपाल शर्मा, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, 84 देशखाप चौधरी पं0 सुभाष शर्मा, राधेश्याम दरोगा जी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने किया।

# बीमारियों से बचना है तो नियमित योग करें: आंचल रामनारायण

विपुल जैन / युरेशिया



बागपत। जिलेभर में आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी जोर शोर के साथ चल रही है। जगह-जगह योग शिविर लगाये जाएंगे और लोगों को योगासन कराया जाएगा।

योग शिक्षिका आंचल रामनारायण ने लोगों को योग से होने वाले फायदे गिनाये और उन्हें नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को योग की अनेक क्रियाओं की जानकारी दी और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही। आंचल रामनारायण ने कहा कि आज के परिवेश में योग करना सभी के लिए बहुत ही जरूरी हो गया है। क्योंकि नित्य नई-नई बीमारियां जन्म ले रही हैं। गंभीर से गंभीर बीमारियों को योग के द्वारा ही रोका जा सकता है, इसलिए हम सब खुद योग करें और अपने परिवार व आसपास के सभी लोगों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। आंचल रामनारायण ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योग पर विशेष फोकस है। इसलिए सभी लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ रह सकते है। बताया कि प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# बागपत में धूमधाम के साथ मनाया गया श्री खाटू श्याम महोत्सव

विपुल जैन / युरेशिया



बागपत। श्री खाटू श्याम हरि कीर्तन मंडल बागपत के सौजन्य से नगर के चमरावल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज के मैदान में श्री खाटू श्याम महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

रात को बाबा खाटू श्याम का विशाल जागरण हुआ। जागरण में भजन प्रवाहक वैष्णवी शर्मा व अंजली शर्मा मध्य प्रदेश, ब्रज भाव साध्वी दीदी पूजा सखी श्रीधाम, रसिक संत बाबा हाऊ बलाऊ बिहारी दास जी महाराज वृंदावन व मनोज शर्मा पागल ग्वालियर द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर बाबा का गुणगान किया गया। श्रद्धालु भजनों को सुनकर अपने पैरों को नहीं रोक पाए और बीच पंडाल में ही जमकर झूमे। जागरण में आए अतिथियों का आयोजन समिति की तरफ से पगड़ी, माला व पटका पहनाकर सम्मान किया गया। जागरण राकेश मित्तल प्रधान सोनीपत धाम के सानिध्य में आयोजित किया गया। श्री राम मंदिर अयोध्या का दरबार तथा ड्रोन कैमरे से श्रद्धालुओं के ऊपर पुष्प वर्षा करना जागरण का मुख्य आकर्षण रहा। मंच का संचालन गुलशन खन्ना ने किया। समाजसेवी राजीव गर्ग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर मीठे शर्बत की प्याऊ लगाई गई। इस मौके पर प्रकाश चौधरी, रमेश वर्मा, अमित चंदोरिया, नीरज वर्मा, गोपाल, ललित शर्मा, विवेक गोयल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी अजय चौहान, प्रमुख समाज सेवी नीरज नैन, आशीष रुहेला, अशोक कुमार फोटू वाले पाबला, अरविंद गोयल, एडवोकेट आशुतोष अग्रवाल, सुजीत लखेरा, कपिल गुप्ता उर्फकन्हैया, आकाश सेठी, सूर्य प्रकाश चौहान, सन्नी गुप्ता खेकड़ा, शुभम सिंघल, एडवोकेट पुनीत शर्मा, नवोदित, सुमन, डॉक्टर करणवीर सिंह, डॉक्टर मनीष त्यागी, संजय रुहेला सभासद, मुन्ना गोयल, अंकुर जैन मिलन, उमेश गुप्ता आदि थे।

# जिलाधिकारी ने उद्यमियों के साथ की जिला उद्योग बंधु की बैठक

### उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए अलर्ट रहे संबंधित अधिकारी
### संबंधित विभाग उद्यमियों की समस्याओं का गुणवत्ता के साथ करें निस्तारण
### निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी संदर्भ ना रहे लंबित

युरेशिया संवाददाता



बागपत। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह नेआज विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु के साथ बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, कोई लापरवाही करेगा तो उनका उत्तरदायित्व तय किया जाएगा जो कार्य अधिकारियों को मिला है उन दायित्वों के प्रति अपनी सेवा दें।

जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भों की समीक्षा की जिसमें निवेश मित्र के अंतर्गत कुल 371 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 294टोटल अप्रूव हुए निरस्त 14 आवेदन हुए इसके संबंध में उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बिंदुवार चर्चा की उन्होंने कहा समय अंतर्गत निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भों को निस्तारण किया जाए और जिससे संबंधित आवेदक को भी जानकारी से अवगत कराया जाए किस वजह से आवेदन निरस्त किया गया है। जिलाधिकारी ने धारा 80 के संदर्भ में बताया कि धारा से नहीं हो पा रही है वह धारा 116 में आवेदन करें संबंधित तहसीलदार के रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम के द्वारा आदेश पारित कर दिया जाएगा जो पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी । जिलाधिकारी ने कहा उद्यमियों को योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए उन्होंने कहा जनपद में उद्योग क्षेत्रों का विकास ब्रह्द स्तर पर होना चाहिए जिलाधिकारी ने कहा उद्यमी की समस्या को संबंधित अधिकारी त्वरित गति पर गुणवत्ता के साथ निस्तारित करें और आपस में समन्वय भी स्थापित करते रहें उद्यमी का और संबंधित अधिकारी का विभाग के प्रति समन्वय अच्छा रहना चाहिए। बागपत इंडस्ट्री बेलेफेयर एसोसिएशन बागपत वॉटर ओवर हेड टैंक को क्रियाशील कराए जाने के साथ-साथ प्रत्येक पहुंच मार्ग पर पानी की लाइन से कनेक्ट हाइड्रेट लगाए जाने एवं एक भूमिगत पानी का स्टोरेज टैंक भी स्थापित कराई जाने की मांग की गई थी जिसमें 90 उद्यमियों की सहमति के आधार पर संबंधित विभाग से ?500000 का बजट मिल गया है जिससे जल निगम द्वारा सर्वे कराकर इस पर शीघ्र ही कार्य कराया जाएगा जिससे उद्यमियों एवं आसपास के क्षेत्र को लाभ प्राप्त होगा।

त्रिशिव टेक्सटाइल खेकड़ा धारा 80 संबंधित जो समस्या थी उसमें जिलाधिकारी ने धारा 116 के अंतर्गत आवेदन करने के निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को 15 दिन में हल किया जाए और अपर जिला अधिकारी बागपत को अवगत कराया जाए। आकृति ज्वेलरी क्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड सिसाना बागपत को विद्युत संयोजन की स्वीकृति भाग 400 किलोवाट को 600 किलोवाट करने के लिए विद्युत विभाग को

बिजली विभाग से अपेक्षा की गई है इसके संदर्भ में जिलाधिकारी ने उपकरण 7 दिन में लगाए जाने के निर्देश दिए हैं अधीक्षण अभियंता ने बताया कि संबंधित प्रकरण का टेंडर कर दिया गया है जल्दी कार्य हो जाएगा। कॉन्टिनेंटल होम फर्निशिंग खेकड़ा इकाई की गैस कनेक्शन संबंधित जो थिंक गैस से लंबी समस्या है इसके संबंध में जिलाधिकारी ने थिंक गैस के अधिकारियों को गैस पाइपलाइन संबंधित समस्या का समाधान 15 अगस्त तक करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा ,जीएम डीआईसीअर्चना तिवारी , अधीक्षण अभियंता केपी खान ,उद्यमी अश्वनी शर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।

## आदर्श यूथ क्लब के युवा कनेक्ट कार्यक्रम में युवाओं से किया संवाद



विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केन्द्र बागपत से जुड़े गांव पटौली, पिलाना के आदर्श यूथ क्लब द्वारा युवा कनेक्ट कार्यक्रम का अयोजन किया गया, जिसमें युवा मंडल से जुड़े युवाओं के साथ जिला युवा अधिकारी अरुण तिवारी ने चर्चा की और उनके विचार जाने।

जिला युवा अधिकारी ने युवाओं को ग्रीन जॉब्स, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास आदि विषयों पर जागरूक किया और नेहरू युवा केंद्र बागपत द्वारा संचालित कार्यक्रमों से जुड़ने का आह्वान किया। वहीं युवाओं को मौके पर मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर पंजीकृत कराया गया। आदर्श यूथ क्लब के अध्यक्ष ऋषभ ढाका ने बताया कि युवा कनेक्ट कार्यक्रम में युवाओं ने शामिल होकर अपने प्रश्न पूछे और भारत सरकार द्वारा युवाओं से संबंधित संचालित नीतियों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में अनुज ढाका, सतेंद्र, इंद्रेश, निशांत, विनय, विजय, अमन कुमार, दीपक, वंश मौजूद रहे।

## लेखपाल पर परेशान करने व रिश्वत मांगने का आरोप



### सिलावर के ग्रामीणों ने डीएम से की लेखपाल पर कार्रवाई की मांग

युरेशिया संवाददाता

शामली। गांव सिलावर के एक ग्रामीण ने जमीनी विवाद के चलते दूसरे पक्ष पर लेखपाल से मिलीभगत कर उन्हें आए दिन परेशान करने व रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सिलावर निवासी जगपाल गुरुवार को दर्जनों ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा तथा प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका गांव के ही दूसरे पक्ष के साथ जमीनी विवाद चल रहा है जो कोर्ट में विचाराधीन है लेकिन गांव का लेखपाल दूसरे पक्ष से मिलीभगत कर उन्हें आए दिन परेशान कर रहा है, साथ ही रिश्वत की मांग भी करता है। उक्त लेखपाल से सारा गांव परेशान है। अगर कोई ग्रामीण रिश्वत देने से इंकार करता है तो उक्त लेखपाल उसका आय प्रमाण पत्र खारिज कर देता है तथा विरोध करने पर अभद्रता करता है। ग्रामीणों ने डीएम से लेखपाल के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर मोनू, रवि, जगपाल सिंह, सोनू, अनुज, राजीव, चांदवीर, नरेश, विनोद आदि सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## बाइक सवार ने होमगार्ड को टक्कर मारी, घायल

### पुलिसकर्मियों के पीछा करने के बावजूद फरार हुआ आरोपित



युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के गुरुद्वारा तिराहे पर यातायात पुलिसकर्मियों के साथ चेकिंग कर रहे एक होमगार्ड को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिसकर्मियों के पीछा करने के बावजूद भी बाइक सवार हाथ नहीं लग पाया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को यातायात पुलिसकर्मी शहर के गुरुद्वारा तिराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चला रहे थे, चेकिंग अभियान में होमगार्ड अनिल कुमार भी सहयोग कर रहा था। इसी दौरान होमगार्ड अनिल ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया लेकिन उसने पुलिस को देखकर बाइक की स्पीड बढा दी जब अनिल ने बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो उसने होमगार्ड को टक्कर मार दी तथा उसे काफी दूर तक घसीटकर ले गया जिससे होमगार्ड सडक पर गिर गया और उसके हाथ में चोट लग गयी। वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने बाइक सवार को पकडने का प्रयास किया लेकिन वह हाथ नहीं लग पाया। घायल होमगार्ड को एक चिकित्सक के पास ले जाया गया जहां उसके हाथ में कई टांके लगाने पडे




# राज्य मार्गों व राष्ट्रीय मार्गों पर अवैध रूप से चल रहे आटो, टैंपों

### जनपद के बस मालिकों, चालकों ने की टैंपों-आटो का संचालन बंद करने की मांग
### एसपी को सौंपा प्रार्थना पत्र, मामले में कार्रवाई करने की मांग

युरेशिया संवाददाता

शामली। जनपद के बस मालिकों, चालकों व परिचालकों ने एसपी से जनपद के सभी प्राइवेट बस मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध रूप से चल रहे आटो टैम्पों, ई-रिक्शाओं का संचालन रोकने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को जनपद के बस मालिकों, चालकों व परिचालकों ने एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि जनपद शामली के सभी मार्गों पर लगभग 200 प्राइवेट बसें संचालित हो रही हैं। जनपद में शामली से मुजफ्फरनगर, कैराना, बिडौली, गढीपुख्ता, भौराकलां, शाहपुर, बुढाना, गंगोह मुख्य मार्ग हैं। उक्त प्राइवेट बसें 7140 रुपये प्रतिमाह टैक्स राज्य सरकार को दे रही है। इन बसों के परमिट भी शासन द्वारा जारी किए गए हैं लेकिन पिछले कुछ समय से अवैध रूप से आटो, टैम्पों व ई-रिक्शाएं संचालित हो रही हैं, जब बस के चालक व परिचालक अथवा मुंशी इन्हें रोकता है तो वे अपनी औरतों व कुछ असामाजिक तत्वों को लेकर झगडे पर उतारू हो जाते हैं तथा झूठे मुकदमें भी दर्ज करा दिए जाते हैं। टैंपों वाले अपना परमिट 16 किमी. का बताते हैं जोकि सर्किल के चारों तरु 16 किमी. चलेगा और नगर पालिका की सीमा से बाहर नहीं जाएगा। एआरटीओ ने भी लिखित में आदेश दिया है कि कोई भी टैंपों राष्ट्रीय राजमार्ग व स्टेट राज्यमार्ग पर संचालित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि टैंपों व आटो द्वारा बसों को सवारियां नहीं मिलती है जिस कारण वे बसों का टैक्स देने में असमर्थ हो रहे हैं। उन्होंने एसपी से इस मामले का संज्ञान लेकर अवैध रूप से संचालित टैंपों, आटो व ई-रिक्शाओं का संचालन राज्यमार्ग व राष्ट्रीय राजमार्गों से बंद कराने की मांग की। इस मौके पर योगेन्द्र पंवार, जितेन्द्र, शमीम, सतेन्द्र पाल, अशोक, राजसिंह, खुर्शीद, फरमान, भूरा, राशिद, सत्यपाल, अरविन्द आदि भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

## नशे पर नश्तर
## तस्करों के मददगार पुलिसकर्मियों पर शिकंजा



संजय त्यागी 'महादेव'

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि जिन रक्षकों के भरोसे सरकार नशा तस्करों से दो-दो हाथ करती रही है, उनमें से कुछ लोग नशे के धंधे को सींचने पर लगे रहे हैं। यह सरकार ही नहीं पुलिस विभाग के लिये भी दुखद स्थिति है कि बाड़ ही खेत को खाने लगी है। सही मायनों में यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि चंद रुपयों के लालच में कुछ खाकी वर्दीधारियों के हाथों में नशे के काले कारोबार की कालिख लगी हुई है। यह संकट कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हजारों पुलिसकर्मियों के ट्रांसफर करने पड़े हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान को कहना पड़ा है कि विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर वर्षों से जमे हुए करीब दस हजार पुलिस मुलाजिमों के तबादले किये गए हैं। जाहिर, इतने बड़े पैमाने पर तबादले करने का कोई ठोस तार्किक आधार ही होगा। कई डिवीजनों में लंबे समय से जमे मुलाजिम नशा तस्करों के मददगार बने हुए थे। विगत में कई राजनेताओं पर भी नशे के कारोबार में हिस्सेदारी के आरोप लगे थे। जाहिर है, ऐसे प्रभावशाली नेताओं ने लाभदायक स्थानों पर अपनी सुविधा के पुलिस मुलाजिम तैनात किये होंगे। साफ-सी बात है कि बिना राजनेताओं व पुलिसिया मदद के नशे के बड़े तस्कर ज्यादा दिन टिक नहीं सकते। जैसा कि भगवंत मान कह भी रहे हैं कि पंजाब में नशीले पदार्थ पैदा नहीं होते। यह नशा अन्य राज्यों से तस्करों द्वारा पंजाब भेजा जाता है। विगत में भी ड्रोन के जरिये नशीले पदार्थों की खेप पाकिस्तान से लायी जा रही थी। सीमा सुरक्षा बलों की चौकसी से उसे बार-बार बरामद किया जा सका है। पंजाब के सीमावर्ती जिलों से भी ड्रोन सीमा पार नशे की खेप लेने के लिये भेजे जाते रहे हैं। ऐसे में पुलिस विभाग में कार्यरत काली भेड़ों के खिलाफकार्रवाई व मुलाजिमों के तबादलों से निश्चित रूप से नशे के तस्करों पर नकेल कसी जा सकेगी। मान सरकार ने चेताया है कि नशे की तस्करी में शामिल पुलिसकर्मी बर्खास्त होंगे। साथ ही नशा तस्करों की संपत्ति भी तत्काल जब्त होगी।

दुखद ही है कि पंजाब आज नशे के अंधाधुंध कारोबार से पतनशील स्थिति की ओर अग्रसर है। इसे रोकने के लिये सरकार की सख्ती और पुलिसकर्मियों की ईमानदारी अपरिहार्य शर्त है। आये दिन पंजाब के विभिन्न भागों से नशे की ओवरडोज से युवाओं के मरने की खबरें आती हैं। उनके रोते-बिलखते परिवारों के दर्द को मान सरकार ने महसूस किया है। इस बड़ी लड़ाई से मुकाबले के लिये आप सरकार ने राज्य पुलिस में दस हजार नई भर्ती करने की भी घोषणा की है। निश्चित रूप से इन नियुक्तियों से जहां पुलिस बल को नशे के तस्करों से लड़ने के लिये नई ताकत मिलेगी, वहीं दस हजार युवाओं के परिवारों में नौकरी लगने से खुशियां आएंगी। बेहतर रोजगार स्थिति में आने के कारण कई युवा नशे की राह चुनने से बच सकेंगे। निश्चित रूप से पंजाब पर कसता नशे का शिकंजा एक गंभीर चुनौती है। सरकार को व्यापक अध्ययन करके उन परिस्थितियों का पता लगाना चाहिए, जिनकी वजह से युवा नशे की दलदल में धंस रहे हैं। राज्य में सरकार, प्रशासन और नागरिक स्तर पर नशे के खिलाफजागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। उन लोगों की पहचान गोपनीय रखनी चाहिए, जो नशा तस्करों के खिलाफसूचना पुलिस को देते हैं। यदि विभाग के लोग नशा तस्करों से सांठगांठ के चलते गोपनीय सूचनाएं लीक करेंगे, तो सूचना देने वालों का जीवन भी संकट में पड़ सकता है। इसके अलावा पहले से नशे की लत के शिकार युवाओं को इस दलदल से निकालने तथा उनके पुनर्वास की दिशा में भी गंभीर कोशिश वक्त की जरूरत है। मान सरकार की नशा उन्मूलन की सार्थक पहल व तस्करों के खिलाफसख्ती एक दिन रंग लाएगी। इसके अलावा सरकार को राज्य में रोजगार के नये अवसर सृजित करने को प्राथमिकता बनाना होगा। साथ ही पंजाब में खेलों को बढ़ावा देना होगा ताकि युवा नशे से दूर रहकर अपना व परिवार का भविष्य संवार सकें। इसके अलावा निकटवर्ती राज्यों की मदद से सीमा पर सख्ताई करके नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने की भी कोशिश हो।

## पुल ही तो गिरा आसमान तो नहीं



### तिरछी नजर

**अशोक गौतम**

जिसे देखो, उसे जल्दी मची है। जैसे आग लगी हो। जरा भी सब्र नहीं। सब भूल गए हैं कि सब्र का फल मीठा होता है। गिरने से पहले जरा कुछ देर तो खड़े होकर रुक लो। अच्छा लगेगा। गिरने को तो सारी उम्र पड़ी है भाई साहब!

पर नहीं भाई साहब! हम तो जितनी जल्दी हो सके, गिर के रहेंगे। अब शायद सबको पता चल चुका है कि गर्व से खड़ा आदमी खाक का होता है तो गिरा आदमी लाख का। उसके घर में नोट गिनने वाली मशीनें मशीनें होकर भी हांफजाती हैं।

अब उनकी ईमानदारी के रेत-बजरी-सीमेंट सरिए से बनाए नालायक पुल को भी देख लीजिए! गिर गया। अरे भैया! तुम तो अपने उद्घाटन तक खड़े रहने का सब्र कर लेते जैसे-तैसे। क्या चला जाता तुम्हारा? घर में बीवी थोड़े ही इंतजार कर रही थी कि उद्घाटन होने से पहले ही खिसक लिए। पर नहीं भाई साहब! जब पुल बनाने वालों को ही सब्र नहीं तो पुल सब्र क्यों करे?

अरे भाई साहब! पुल ही तो गिरा है। इतना हो हल्ला क्यों? आसमान तो नहीं गिरा है न? तारे तो नहीं गिरे हैं न? चांद तो नहीं गिरा है न? गिरता यहां कौन नहीं? यहां पल-पल गिर कौन नहीं रहा? ऐसे में जो गिरा हुआ न देखा, उसे ही गर्व से सिर ऊंचा किए खड़ा हुआ माना जाए।

गिरना माननीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। गिरना माननीय जीवन दर्शन का अद्भुत ढंग है। गिरकर जीने में जो उमंग है, वह खड़े होकर जीने में नहीं। हम सब कुछ किए बिना रह सकते हैं, पर गिरे बिना नहीं। जो सोचते हैं कि वे चरित्र के अडिग हैं, लालच की हर आंधी-तूफान में इज्जत के साथ खड़े रहेंगे, उन्हें दाएं-बाएं से गिरे हुए ऐसी टक्कर मार आगे हो लेते हैं कि वे पूरा जन्म लाख कोशिश करने के बाद दूसरों के सामने तो छोड़िए, अपने सामने भी खड़े नहीं हो पाते।

जब आदमी गिरता है तो उसकी बनाई चीज की क्या बिसात! ऐसा कैसे हो सकता है भाई साहब कि आदमी तो गिरे, पर उसकी बनाई चीज न गिरे? ऐसे में आदमी का बनाया पुल भी गिर गया तो गिर गया। वह खड़ा क्यों रहता? उद्घाटन से पहले नहीं तो उद्घाटन के बाद उसका गिरना तय था।

### एकदा
## संवेदनशीलता के आयाम

एक दिन फ्रांसिस रेशमी वस्त्र की अपनी दुकान पर बैठे एक धनवान ग्राहक से बातचीत कर रहे थे, तभी उन्हें एक भिखारी ने आवाज दी, लेकिन उन्होंने बातचीत के चलते अनदेखा कर दिया। वह भिखारी वहां से चला गया। जब उनकी बातचीत खत्म हुई तो फ्रांसिस उस भिखारी की खोज-खबर करने लगे। उनका मन आत्मग्लानि से भर गया। इसके बाद वह उस भिखारी को खोजने के लिए कई गलियों में घूमते रहे। जब वह भिखारी फ्रांसिस को मिला तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा, 'मैं बातचीत में इतना उलझा हुआ था कि आपके लिए वक्त नहीं दे पाया।' और फिर फ्रांसिस ने कोट से सारा पैसा निकाल कर उस भिखारी को दे दिया। आगे चलकर यही फ्रांसिस, संत फ्रांसिस ऑफअसीसी के नाम से विख्यात हुए। इस महापुरुष ने मानव सेवा को साधना के अंग के रूप में प्रतिष्ठित करके संवेदनशीलता की उपयोगिता को नया आयाम दिया।

प्रस्तुति : निशा सहगल

# संत कबीर दास जयंती (22 जून) पर विशेष
# आडम्बरों के घोर विरोधी थे संत कबीर



योगेश कुमार गोयल

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया। मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 22 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत् 1455 सन् 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया।

संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, "महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है?"

संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहेनुसार लालटेन जलाकर ले आई। वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ये संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है?

उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवतः घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वतः ही हल हो जाती है।

# योग दिवस की पूर्वबेला पर सागर महिला मण्डल ने करवाया योग

**युरेशिया संवाददाता**



सागर। 2। योग दिवस की पूर्वसंध्या पर गौराबाई दिगम्बर जैन महिला मण्डल, सागर ने करवाया योग। स्थानीय श्री गौराबाई दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में इस योग के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मण्डल की प्रमुख सदस्य व सिद्धार्थ नंदन पाठशाला की प्रधान शिक्षिका श्रीमती अनीता छाया ने योग के कार्यक्रम को संचालित करने में सहयोग किया। योग की प्रधान प्रशिक्षिका और शिविर आयोजिका श्रीमती हिमांशी अजय जैन ने सभी महिलाओं को योग करवाया व प्रशिक्षण दिया। इन्होंने स्वयं अर्हम् योग का प्रशिक्षण लिया हुआ है। श्रीमती आशा-अजय जैन ने मार्गदर्शन दिया। सभी महिलाएँ बहुत उत्साहित थीं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व बेला में 'आओ चलें अर्हम् ध्यान योग की ओर' कार्यक्रम लेककर हिमांसी जैन ने अपये वक्त्व्य में कहा कि योग से खुद से खुद का डॉक्टर बनते हैं, मानसिक रूप से स्वस्थ व शक्तिसंपन्न बनते हैं। वर्तमान लाइफस्टाइल में हम परिवर्तन ला सकते हैं और शारीरिक स्वस्थता, मानसिक तनाव से मुक्ति, भावनात्मक विकास, अशांत मन, अनिद्रा, डिप्रेशन और भी अनेक समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। ये लाभ हैं योग के।

उक्त जानकारी देते हुए डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज' को महिलामण्डल की प्रमुख सदस्या ने बताया कि इस एक दिवसीय योग के शिविर के तात्कालिक लाभ देखकर गौराबाई महिलामण्डल की अध्यक्षा- श्रीमती हिमांशी जैन, सचिव- सुषमाराजू जैन एवं कोषाध्यक्ष सीमा तनीष जैन ने निर्णय लिया है कि आगामी 24 जून से 26 जून तक एक त्रिदिवसीय अर्हम् योग का प्रशिक्षण शिविर लगाया जायेगा जिसमें मण्डल की सदस्यायें एवं समाज की अन्य कोई भी महिलाएँ प्रशिक्षण ले सकेंगीं। श्रीमती अनीता छाया ने बताया के योग से महिलाओं विशेष तौर पर कामकाजी महिलाओं, ऑफिस में दिनभर कम्प्यूटर पर बैठी रहने वाली नौकरीपेशा महिलाओं, गृहकार्यों में लगी रहने वालीं महिलाओं को योग से बहुत लाभ हो रहा है। ये महिला मण्डल इस तरह के कार्यक्रम अनवरत करवाता रहता है। महिला मण्डल की प्रमुख पदाधिकारी श्रीमती शकुन्तला जैन, नूतन नाहर, डॉ. आशा जैन, निधि खाद, अनीता जैन छाया, आशा सेठ, आशा अजय जैन, रक्षा विनेका, सुनीता सेसई, मंजू मगरया, वंदना सिंघई, संध्या सन्मति, सुनीता पड़वार, रानी जैन (सुपाड़ी), आरती सवाई, मिनी जैन आदि ने सक्रियता से भाग लिया।

# पार्षद ने जनता के साथ नगर निगम पर दिया धरना

### पेयजल और सड़क निर्माण की मांग पूरी ना होने पर आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के मेन गेट को बंद कर की नारेबाजी



**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। मोहकमपुर वार्ड छह के पार्षद प्रशांत कसाना ने गुरूवार को नगर निगम कार्यालय पर क्षेत्रीय जनता के साथ प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। कसाना का आरोप है कि सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर दिए हुए आठ माह हो चुके हैं, लेकिन उनके वार्ड में काम नहीं हो रहा है। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति की स्थिति भी बहुत खराब है। पार्षद प्रशांत कसाना ने कहा कि उनके वार्ड में आबादी लगभग 10 हजार है, लेकिन वहां पर पेयजल के लिए केवल एक 10 एचपी की ही ट्यूबवेल है। जिससे केवल आधी आबादी से भी कम लोगो के पास पेयजल पहुंच पाता है और बाकी आबादी पेयजल से वंचित रह जाती है। ये लोग अपने-अपने मोहल्ले में लगे निजी सबमर्सिबल पंप या हैंडपंप से अपने पेयजल की आपूर्ति करते हैं। इसलिए यहां की आबादी के हिसाब से एक और ट्यूबवेल लगाई जाए, ताकि लोगों को पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके। वहीं प्रशांत कसाना ने कहा कि उनके वार्ड में मोहकमपुर और डूंगरावली के रास्तों की हालत बेहद खराब है। जबकि ये रास्ते गांवों के महत्वपूर्ण और ज्यादा आवागमन वाले रास्ते हैं। इन रास्तों पर कीचड़ और सड़क में गड्ढे होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी दूभर रहता है। उन्होंने कहा कि मोहकमपुर में वाइन शॉप से अरविंद भाटी के मकान तक, डूंगरावली पृथ्वी सिंह स्कूल से जहारवीर बाबा के मंदिर तक रास्ता निर्माण का एस्टीमेट करीब आठ माह पहले बना था, लेकिन आज तक भी इन पर काम शुरू होना तो दूर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है।

प्रदर्शन कर रहे क्षेत्रवासी के पास जब काफी देर बाद भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के मेन गेट को बाहर से बंद कर दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके बाद नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने क्षेत्र वासियों को अपने आफिस में बुलवाया और उनकी बात सुनने के बाद नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने जल्द ही क्षेत्र में निर्माण कार्य करने और सभी समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद क्षेत्रवासी शांत हुए।

# प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने नालों का स्थलीय निरीक्षण कर दिए निर्देश

### नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त नालों में पानी निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे -प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह



**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ । जनपद मेरठ भ्रमण पर पहुंचे प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने आबूनाला बेगमपुल, थापर नगर, पटेल नगर नाला,ईदगाह तथा ओडियन नाले का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मंत्री धर्मपाल सिंह ने नालों की साफसफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए नगर निगम से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त नालों में पानी निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे यह सुनिश्चित किया जाए तथा जहां कहीं भी नालों में सफाई की जानी है संबंधित अधिकारी कार्रवाई करते हुए पानी निकासी एवं साफसफाई व्यवस्था को दुरुस्त करें।

## 25 जून को जिला सूचना कार्यालय, एमडीए परिसर में की जायेगी समाचार पत्रध्पत्रिकाओं की रद्दी की नीलामी

**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार ने समस्त रद्दी क्रेताओं को सूचित करते हुए बताया कि मंडलीय सूचना कार्यालय जनपद मेरठ में अप्रैल 2020 से मार्च 2024 तक कुल 48 माह तक की समाचार पत्रध्पत्रिकाओं की रद्दी की नीलामी दिनांक 25.06.2024 में अपरान्ह 01.00 बजे जिला सूचना कार्यालय, एमडीए परिसर जनपद मेरठ में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक रद्दी क्रेता किसी भी कार्य दिवस में जिला सूचना कार्यालय, एमडीए परिसर जनपद मेरठ में आकर समाचार पत्रध्पत्रिकाओं की रद्दी का मुआयना कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए इरफान अली, प्रधान सहायक से उनके मो0नं0-8279837327 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

## 30 जून को विकास भवन सभागार में होगी निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु लेखा समाधान बैठक

**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने समस्त प्रत्याशी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 जनपद मेरठ को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के पत्र दिनांक 14.06.2024 द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह (जनवरी 2024) के अनुलग्नक-ग13 के अनुसार परिणाम घोषणा से 26वें दिन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लेखा समाधान बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, जिसमें अभ्यर्थीवार संवीक्षा एवं सार रिपोर्ट तैयार किये जाने से पूर्व अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनोक्ति धनराशि, यदि कोई है, का लेखा समाधान करने का एक और अवसर दिया जायेगा। आयोग द्वारा जारी उपरोक्त निर्देशों के क्रम में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु लेखा समाधान बैठक दिनांक 30 जून 2024 को विकास भवन सभागार में प्रातः 11.00 बजे आहूत की गई है। उन्होंने समस्त प्रत्याशी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 से बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

## कैंट विधायक अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई डीसीसी, डीएलआरसी व डीएलएससी की बैठक



**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ । विकास भवन सभागार में विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में डीसीसी/डीएलआरसीध्डीएलएससी की बैठक आहूत की गयी। बैठक में विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा सरकार की प्राथमिकता वाले ऋण से लंबित प्रकरणों पर बैंकवार समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित को लंबित व अस्वीकृत ऋण की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैंक शाखाओं में सीसीटीवी कैमरे, सॉयरन लगवाये जाये। आरसेटी द्वारा कितने लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा उनमें से कितने लाभार्थियों को ऋण देकर लाभान्वित किया गया, के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने केसीसी, स्वनिधि, जनधन खाते तथा पशुपालन विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत दिये गये ऋण के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विधायक अमित अग्रवाल ने विभिन्न योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को ऋण की सुविधा नियत समय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के तहत दिये गये लक्ष्य को समयान्तर्गत पूरा करना सुनिश्चित किया जाये जिससे कि जनहित में सरकार की मंशा अनुरूप लाभार्थियों को ऋण की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार, लीड बैंक मैनेजर एस0के0 मजूमदार सहित संबंधित बैंकों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मुकेश सिद्धार्थ ने जिलाधिकारी मेरठ से दलित उत्पीड़न के विरोध में धरने की मांगी अनुमति



**युरेशिया संवाददाता**

मेरठ। टाउन हॉल स्थित निगम बैठक हाल में पार्षदों के बीच हुई मारपीट प्रकरण के बाद हुए दलित उत्पीड़न की घटना के विरोध में कलेक्ट्रेट में हुए

धरने प्रदर्शन के दौरान विवादित बयान देने की वजह से काफी दिनों तक जेल में रहने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट से जमानत पर छूट कर आए मुकेश सिद्धार्थ (पूर्व मंत्रीध् पूर्व उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग उ0 प्र0) ने जिलाधिकारी कार्यालय मेरठ पहुंच कर दलित उत्पीड़न के बढ़ते मामलों के खिलाफ धरने प्रदर्शन की अनुमति मांगी है। बता दें कि सपा सरकार में मंत्रीध्उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग रहे मुकेश सिद्धार्थ पर सरकार ने एक साल के लिए रासुका लगा दी थी। फिलहाल वह इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर जेल से बाहर हैं, मुकेश सिद्धार्थ के ऊपर रासुका लगाने को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जिलाधिकारी मेरठ को भी व्यक्तिगत हलफनामे के साथ पेश होने के निर्देश दिए थे।

## एक नजर..

# लाखनोर में ग्रामीणों ने लगाई छबील छबील पर शरबत पी बुझाई प्यास

**मोमीन अली/युरेशिया**



नागल। बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने को लाखनोर में मीठे शरबत की छबील लगाकर शरबत वितरित किया। छबील पर भारी संख्या में राहगीरों ने शरबत पीकर गर्मी में राहत की सांस ली।

इस अवसर पर समाज सेवी शौसिंह कश्यप ने कहा कि वृक्षों के अंधाधुंध कटान के चलते गर्मी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने सभी से एक-एक पौधा रोपित करने की अपील की। इस दौरान मा. अनिल फौजी, पंकज, वीरपाल, अमन कश्यप, गंगासागर, वंश चौधरी, आर्यवर्त चौधरी, रजनीश, इशांत, अर्जुन कश्यप, बिट्टू धीमान, आदित्य, वरुण स्वामी, श्रीकांत रहे।

# विद्युत सप्लाई न मिलने के कारण गांव वासियों ने बिजली घर पर लगा दिया ताला



**विकास शर्मा /युरेशिया**

नकुड़। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने बिजली घर पर हंगामा किया। बिजली घर पर ताला लगाकर ग्रामीणों ने धरना दिया। विद्युत निगम के एक्शन द्वारा मिलने आश्वाशन पर धरना समाप्त हुआ।

क्षेत्र के गांव टाबर निवासी मनोज ने बताया कि गाँव म स्थित बिजली घर से क्षेत्र के करीब10 गांवों में विद्युत आपूर्ति होती है। मनोज ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से गांव व खेत मे विद्युत आपूर्ति केवल तीन घण्टे ही हो रही है। जिसके कारण भीषण गर्मी में लोगो का जीना मुहाल हो रहा है। शिकायत करने पर विद्युत कर्मचारी सुनवाई नही कर रहे हैं। सागर चौहान ने आरोप लगाया कि तीन घण्टे आपूर्ति देने के बाद बिजली घर के रिकार्ड में 17 घण्टे विद्युत आपूर्ति दिखाई जा रही है। उन्होंने बताया कि टाबर गांव के अलावा अन्य अभी गांवो में विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से चल रही है। अंधाधुंध बिजली कटौती से नाराज ग्रामीण बिजली घर को ताला लगाकर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान मौके पर पहुंचे जेई को ग्रामीणों ने धूप में बैठा कर विद्युत कटौती के बारे में बात की। हंगामे की सूचना पर पहुंचे एक्सन के साथ भी ग्रामीणों की नोक झोक हुई। सागर ने बताया कि लोगो ने गांव को टाउन से जोड़ने तथा सरकार के आदेशानुसार 20 घण्टे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की। एक्सन ने ग्रामीणो की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना समाप्त हो गया।

# थाना रामपुर मनिहारन पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद



**प्रदीप धीमान /युरेशिया**

सहारनपुर। थाना रामपुर मनिहारन पर वादी फौजवीर सिंह पुत्र यशपाल निवासी माधोपुर, थाना तितरो सहारनपुर ने एक लिखित तहरीर बावत अभियुक्तगण 1. आकाश उर्फ छोटू पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम सढोली हरिया थाना कोतवाली देहात सहारनपुर 2. शिवम पुत्र प्रदीप निवासी ग्राम उमरी खुर्द थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर 3. छोटू पुत्र सी निवासी ग्राम भाँकला थाना रामपुर मनिहारन व कुछ अन्य साथियो के साथ मिलकर उसके पुत्र दिक्षित पर जान से मारने की नियत से फायर करना जिसमें गोली दिक्षित की बाजु में व एक अन्य व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल होने के सम्बन्ध मे थाना रामपुर मनिहारन पर मु0अ0सं0 196/24 धारा 307/34/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा सहारनपुर द्वारा उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेकर उपरोक्त फायरिंग की घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक रामपुर मनिहारान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त विपुल उर्फछोटू पुत्र सुशील उर्फशीलू निवासी ग्राम भांकला थाना रामपुर मनिहारान सहारनपुर को दिल्ली रोड भांकला कट के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 147ध148धध149 भादवि व धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम की वृद्धि की गयी। अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमरू- प्र0नि0 नरेन्द्र कुमार शर्मा, उ0नि0 अरविन्द कुमार, उ0नि0 प्रवीण कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 रवि कुमार शामिल रहे।


## दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल

**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| नादिर (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0 9870984665 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |
| शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी) | मो0 9720067900 |


# 2024 का सबसे लंबा दिन और सबसे छोटी रात आज (21 जून ): सारिका घारू

### सूरज करेगा आज (21 जून) सबसे लंबा दिन और स्ट्राबेरी मून बिखेरेगा रात में चांदनी -सारिका




**शेख़ मौ नादिर /युरेशिया**

बेहट। पृथ्वी के 16 देशों, भारत के 8 राज्यों से होकर उत्तरी गोलार्द्ध में खींची गई काल्पनिक कर्क रेखा पर आज साल की खास खगोलीय घटना दिखने जा रही है। आज सूर्य कर रेखा से कर्क रेखा पर पहुंचा दिखकर अपनी उत्तरायण यात्रा पूरी करने जा रहा है। इसके बाद यह अपनी वापसी दक्षिणायन यात्रा आरंभ करेगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि आज की इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के नगरों में दिन सबसे लंबा और रात सबसे छोटी अवधि की होगी। इस घटना को समर सोलेस्टिस कहते हैं। सारिका ने बताया कि आज कर्क रेखा पर स्थित नगरों में सूर्य के लंबवत होने के कारण किसी भी वस्तु की छाया दोपहर में उसके आधार के नीचे बनेगी जिससे लगेगा कि छाया गायब हो गई। कर्क रेखा के नगरों के लिये आज शून्य छाया दिवस होगा। खगोलीय उत्तरायण के अंतिम पड़ाव पर पहुंचने की इस घटना को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। सारिका ने बताया कि आज की रात की शुरूआत भी बेहद खास होगी। पश्चिम में सूर्य के ढ़लते ही पूर्वी आकाश में पूनम का चंद्रमा उदित होगा। इसे स्ट्राबेरी मून नाम दिया गया है जो कि पश्चिमी देशों में इस समय पकने वाली जंगली स्ट्राबेरी के कारण रखा गया है। लगभग हर 20 साल में स्ट्राबेरी मून और समर सोलिस्टस की घटना एक साथ होती है -

कर्क रेखा पर स्थित भारत के राज्य

गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम

-

आज (21 जून ) को दिन की अवधि

नई दिल्ली में आज दिन की अवधि 13 घंटे 58 मिनिट और 01 सेकंड होगी।

लखनउ में आज दिन की अवधि 13 घंटे 49 मिनिट और 46 सेकंड होगी।

सहारनपुर में आज दिन की अवधि 14 घंटे 04 मिनिट और 31 सेकंड होगी।

देहरादून में आज दिन की अवधि 14 घंटे 06 मिनिट और 17 सेकंड होगी।

अलवर में आज दिन की अवधि 13 घंटे 53 मिनिट और 06 सेकंड होगी।

उदयपुर में आज दिन की अवधि 13 घंटे 39 मिनिट और 42 सेकंड होगी।

कोटा में आज दिन की अवधि 13 घंटे 42 मिनिट और 19 सेकंड होगी।

अजमेर में आज दिन की अवधि 13 घंटे 48 मिनिट और 01 सेकंड होगी

भोपाल में आज दिन की अवधि 13 घंटे 34 मिनिट और 01 सेकंड होगी।

(नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू के मुताबिक)

# सभी अनबॉन्डिड गन्ना क्षेत्रफल धारक किसानो को बनाएं गन्ना समिति सदस्य उप गन्ना आयुक्त

**प्रदीप धीमान / युरेशिया**



सहारनपुर। गन्ना भवन सभागार में,गन्ने विभाग की मंडलीय मासिक समीक्षा बैठक में गन्ना सर्वेक्षण के तहत चिन्हित अनबॉन्डिड किसान अर्थात ऐसे गन्ना किसान जिनके खेत में गन्ना बोया गया है और वे अभी तक गन्ना समिति के सदस्य नहीं बने हैं उन सभी किसानो को गन्ना समिति का सदस्य बनाकर उन्हें गन्ना सप्लाई तथा अन्य विभागीय सुविधाओं को दिया जाए, इस बाबत चल रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा उप गन्ना आयुक्त ओ पी सिंह ने निर्देश दिए कि गन्ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ओर सभी चीनी मिले अपने अपने फील्ड स्टाफके साथ लगातार किसानो से संपर्क करें और उन्हें गन्ना समितियों का सदस्य बनाया जाए। गन्ना सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अन्तिम आंकड़े जो अपलोड हुए हैं उनमें से भी अनबॉन्डिड केन वाले किसानो की सूची निकालकर फील्डस्टाफ को दे दी जाय। खाद गोदामों की समीक्षा करते हुए उप गन्ना आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ओर सभी सचिव सुनिश्चित करें की किसी भी गोदाम पर उर्वरक कीटनाशक, व अन्य कृषि निवेश उपलब्ध रहे, ओर फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यंत्र कृषकों की मांग के अनुसार दिए जाए।

चीनी मिलों को निर्देश दिए की अपने अपने क्षेत्र में किसानो से संपर्क कर गन्ने में लगने वाली बीमारियों ओर कीटो की जानकारी करें और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों से समन्वय स्थापित करते हुए नियंत्रण के उपाय करें। गन्ना भवन सभागार में आयोजित बैठक में सहारनपुर मण्डल के तीनो जनपदों के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों,सचिव प्रभारी, सभी चीनी मिलों के केन हैड उपस्थित रहे।

# थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 25,000 रूपये का ईनामी व लूट का 01 वांछित अभियुक्त पुलिस मुठभेड के बाद घायल गिरफ्तार

### कब्जे से लूट का 01 कुण्डल पीली धातू. 01 मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट, 01 तमंचा व 01 जिन्दा तथा 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।



**प्रदीप धीमान / युरेशिया**

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखने के साथ ही अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु लगातार सघन गश्त व चौकिंग की जा रही है। इसी क्रम में देर रात्रि थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम गश्त पर थी तो पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो शातिर अपराधी ढमोला पुल नदी की पटरी के पास दिखाई दिये हैं एवं किसी घटना को करने करने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो दो संदिग्ध व्यक्ति ढमोला नदी की पटरी पर दिखाई दिए। पुलिस टीम जब सदिग्धो के नजदीक पहुँची तो एक बदमाश ने अचानक से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा जवाबी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाश का अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार बदमाश की पहचान दानिश पुत्र अमीर अहमद निवासी नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर, सहारनपुर के रूप में हुई है, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय भर्ती करवाया गया है एवं फरार बदमाश की गिरफ्तारी हेतु काम्बिंग की जा रही है। बदमाश दानिश उपरोक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0स0 143/24 धारा 392 भादवि, सुपर स्टार गैस एजेन्सी के पास महिला से सोने के कुण्डल लूटने के अपराध का वांछित अभियुक्त है, जिस पर जनपद के विभिन्न थानों पर लूट, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, एनडपीएस एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन मुकदमें पंजीकृत हैं एवं दानिश उपरोक्त थाना कोतवाली नगर का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है। अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमरू-उ0नि0 केदार सिंह, उ0नि0 जोनसन कुमार, है0का0 नीरज, का0 तरुण शर्मा, का0 अभिषेक खोखर, का0 सचिन कुमार, शामिल रहे।

# कूड़े में पशुओं के अवशेष मिलने से आक्रोश फैला

### मौहल्ला सरवरपीर में पहुंचे हिन्दू संगठनों के लोग, जताया आक्रोश

### कोतवाली पुलिस ने किसी तरह किया शांत, अवशेषों को दफनवाया





**युरेशिया संवाददाता**

शामली। ईद पर पशुओं की कुर्बानी देने के बाद अवशेषों को सार्वजनिक स्थानों पर न डालने के प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशों का जमकर मखौल उडाया जा रहा है। गुरुवार को शहर के मौहल्ला सरवरपीर में पशुओं के अवशेष फेंकने से हिन्दू संगठनों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा कार्यकर्ताओं को शांत करते हुए डाले गए अवशेषों को उठवाकर उन्हें दफनवा दिया। पुलिस ने वार्ड सभासद को भी सख्त चेतावनी दी है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा ईद पर होने वाली पशुओं के कुर्बानी के बाद अवशेषों को सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकने के कडे दिशा निर्देश जारी किए थे लेकिन कुछ स्थानों पर कुछ असामाजिक तत्वों ने इन दिशा निर्देशों को धता बताते हुए अवशेषों को कूडे के ढेरों में फेंक दिया। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को शहर के मौहल्ला सरवरपीर में देखने को मिला। कुछ लोगों ने हिन्दू संगठनों के लोगों को कूडे में पशुओं के अवशेष फेंके जाने की सूचना दी जिस पर दर्जनों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए तथा अवशेषों को देखकर उनमें आक्रोश फैल गया। कार्यकर्ताओं की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी तथा कार्यकर्ताओं को किसी तरह शांत किया। पुलिस ने तत्काल नगर पालिका की टीम को मौके पर बुलाया जिसे बाद सभी अवशेषों को वहां से हटवाकर उन्हें दफनवा दिया गया। पुलिस ने वार्ड सभासद को मौके पर बुलाकर सख्त चेतावनी दी कि यदि अब मौहल्ले में किसी ने अवशेषों को सार्वजनिक स्थानों पर डाला तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर विहिप जिला उपाध्यक्ष विशाल निर्वाल, बजरंग दल नगर संयोजक अर्जुन गौतम, रोहित सैनी, रोकी, पुनीत प्रजापति, विक्की सैनी, सोनू सैनी, शुभम, भीम, राहुल आदि भी मौजूद रहे।

# एक एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**विकास शर्मा/युरेशिया**

नकुड वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा वांछित एवं वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नकुड पुलिस ने अभियुक्त नवीन पुत्र राकेश निवासी ग्राम पिलखनी थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर को उसके घर से समय करीब 13: 15 पर गिरफ्तार कर लिया गया अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में मौजूद रहे थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गौतम उप निरीक्षक राकेश शर्मा हेड कांस्टेबल अजीत सिंह कांस्टेबल मोंटी

थाना रामपुर मनिहारन पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

# रात को बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई, दिन में बढी उमस

### गुरुवार की सुबह भी मौसम रहा सुहाना, दोपहर में निकाली तेज धूप



**युरेशिया संवाददाता**

शामली। बुधवार की रात मौसम के अचानक करवट बदलने व तेज बूंदाबांदी के साथ हवाएं चलने से पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को गर्मी से काफी राहत व सुकून मिला। गुरुवार की सुबह भी मौसम सुहाना रहा लेकिन दोपहर के समय धूप निकलने से एक बार फिर उमस बढने से लोग गर्मी से मुहाल नजर आए।

जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गर्मी के कारण लोगों को न घर और न बाहर आराम मिल पा रहा है। दोपहर के समय तो तेज धूप के कारण बाजारों व मुख्य मार्गों पर सन्नाटा सा पसर जाता है लेकिन बुधवार की रात मौसम ने अचानक करवट बदली और देखते ही देखते आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने के साथ ही तेज बूंदाबांदी भी शुरू हो गयी। बारिश होने से पिछले कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे लोगों को भी बडी राहत व सुकून मिला। पूरी रात तेज हवाएं व हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। गुरुवार की सुबह भी बूंदाबांदी जारी रही लेकिन कुछ देर बाद मौसम साफ हो गया लेकिन दोपहर के समय धूप निकलने से एक बार फिर बढी उमस से लोग गर्मी से मुहाल नजर आए, तेज धूप व गर्मी के कारण लोग पसीनों से तरबतर नजर आए।

# आज आरके इंटर कालेज में होगा योग महोत्सव का आयोजन

### प्रदेश के जल शक्ति मंत्री दिनेश खटीक व जनप्रतिनिधि भी होंगे शामिल

### भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पंतजलि योग समिति, जिला प्रशासन व आयुष विभाग द्वारा होगा कार्यक्रम का आयोजन

**युरेशिया संवाददाता**

शामली। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पंतजलि योग समिति, जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आरके इंटर कालेज में योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के जल शक्ति व जनपद प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक सहित जनप्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी करण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अंतरार्ष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शहर के आरके इंटर कालेज में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पंतजलि योग समिति, जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 5 बजे से साढे 7 बजे तक चलेगा जिसमें प्रदेश के जल शक्ति विभाग एवं जनपद प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक, एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, डीएम रविन्द्र सिंह, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल भी भाग लेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोग को आरके इंटर कालेज में पहुंचने का आहवान करते हुए कहा कि योग हमारे शरीर के लिए बेहद लाभदायक है, इससे न केवल हमारा शरीर स्वस्थ होता है बल्कि कई असाध्य बीमारियों से भी निजात मिलती है। योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी योग के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में पंतजलि योग समिति के जिला प्रभारी सतीश चंद तायल, महिला पंतजलि योग समिति की जिला प्रभारी डा. कुमुद शर्मा, युवा भारत के जिला प्रभारी मनोज गोस्वामी, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला सह प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा भी मौजूद रहेंगे।

# डीएम से की फर्जी समझौता खारिज करने की मांग



### ईंट भट्टा मजदूरों ने भट्टा मालिकों-फर्जी श्रमिक नेताओं पर लगाए आरोप

**युरेशिया संवाददाता**

शामली। जनपद के ईंट भट्टा मजदूरों ने कुछ फर्जी श्रमिक नेता व भट्टा मालिकों द्वारा मिलीभगत कर 130 रुपये गारे की कटौती करने व फर्जी रूप से समझौता कराने का आरोप लगाते हुए डीएम से समझौते को खारिज किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को ईंट भट्टा मजदूरों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि भट्टा मालिक व कुछ फर्जी श्रमिक नेताओं की मिलीभगत से 130 रुपये गारे की कटौती की जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 जून को जो समझौता भट्टा मालिकों व श्रमिक नेताओं के बीच हुआ है वह झूठा है। श्रमिक नेताओं में सतेन्द्र झाल व सुक्रमपाल आदि ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते को भट्टा मजदूर नहीं मानते जिस समझौते पर फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं वे भट्टे पर काम भी नहीं करते हैं। उन्होंने डीएम से शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी 676 रुपये दिलाने व गारे की कोई कटौती न किए जाने की मांग की। इस मौके पर सुरेशपाल, बिट्टू, रामदत्त, रामप्यारी, नरेशो, सतपाल, नरेश, चंद्रबोस, ईश्वर, बबलू, संजय, पप्पू, नरेश, नरेन्द्र, सतबीर, अशोक, आशीष, अमित, अंकित, देवानंद, सन्नो आदि भी मौजूद रहे।

एक नजर..

## गंगोल में शिवसेना का विस्तार



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे जिला प्रमुख संदीप गर्ग ने जिला उपप्रमुख ओमवीर शर्मा की संस्तुति पर ग्राम गंगोल की कार्यकारिणी की घोषणा करते हुऐ बताया कि शहजाद ग्राम प्रमुख, सुहैल, आबिद व समीर ग्राम उपप्रमुख, शहजाद व आजाद ग्राम महासचिव, सोहिल, शाहील,शादिव ,वसीम , हासिम अनवर व जुनेर को ग्राम सचिव मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर छीपी टैंक स्थित शिवसेना कार्यालय पर प्रदेश महासचिव व पश्चिमी यूपी प्रभारी धर्मेन्द्र तोमर ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शिवसेना पहचान पत्र सौंपें । युवा सेना जिलाध्यक्ष अवनीश आर्य व महानगर महासचिव जसवीर सिंह भी उपस्थित रहे।

## शादी के सात साल बाद विवाहिता की मौत, फंदे पर लटकी मिली लाश





विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा । थाना मांट इलाके के गांव नगला कालौंदा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना मांट पहुंचे मायके वालों ने हंगामा किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना मांट के गांव नगला कालौंदा में संदिग्ध परिस्थितियों में 30 वर्षीय गायत्री पत्नी पिंकू ने घर में कमरे में दुपट्टे का फंदा लगाकर लटक गई। ससुराल वालों ने जब विवाहिता का दुपट्टे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। तत्काल ही उसे उपचार के लिए सीएचसी मांट ले गए। यहां पर चिकित्सत ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

बहन की मौत हो जाने की सूचना मिलते भाई शैलेश ने पुलिस को सूचना दी और कहा की उसकी बहन की हत्या कर दी। इसके बाद मायके वाले थाने पर पहुंच गए। हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मृतका के भाई मनोज ने बताया उसकी बहन की शादी सात वर्ष पहले हुई थी। ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर बहन के साथ मारपीट करते थे। मनोज ने बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी।

घटना के बाद क्षेत्राधिकारी आंचल चौहान मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके से दुपट्टा भी बरामद किया गया है। मांट थाना प्रभारी निरीक्षक रजित वर्मा ने बताया के मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।

## संपति विवाद में ससुराल वालों ने दामाद को मौत के घाट उतारा

विकास गौतम/युरेशिया



मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में घर के बाहर सो रहे युवक पर ससुरालीजनों ने धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। मृतक के पिता ने बेटे के ससुरालीजनों पर सात नामजद व चार अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। घटना छाता कोतवाली के तरौली जनूबी गांव की है। पुलिस ने मृतक की पत्नी, पत्नी की बड़ी बहन (जेठानी) को हिरासत में लिया है। घटना के बाद भागते हुए आरोपियों ने गाड़ी से एक गाय को टक्कर मार दी। इससे गाय की भी मौत हो गई। तरौली जनूबी निवासी मृतक के पिता राजेंद्र ने थाने पर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि बुधवार को उसके बेटे व पुत्रवधू के बीच दिन में दो बार झगड़ा हो गया था।

रात करीब 12 बजे पुत्रवधू कमलेश व गुड़िया ने अपने भाई भूदेव, प्रभु व अपने पिता को फोन कर दिया। बताया कि वह, उसका बेटा वीरेंद्र व उसके भाई का लड़का प्रेमपाल घर के बाहर सो रहे थे। बुधवार रात 12 बजे बोलेरो में सवार होकर आए वीरेंद्र के ससुरालीजन व उनके साथियों ने वीरेंद्र पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया

बचाने आए भाई के लड़के प्रेमपाल पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। इससे वह भी घायल हो गया। वीरेंद्र को इलाज के लिए सिटी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी घटना के भागते हुए एक गाय को भी टक्कर मार गए। इससे गाय की मौके पर मौत हो गई।

मृतक के पिता की संपत्ति बंटवारे को लेकर पत्नी कमलेश से कहासुनी हो गई थी। इसमें वीरेंद्र ने कमलेश के साथ मारपीट कर दी थी। इससे गुस्साकर वीरेंद्र के ससुरालीजनों ने वीरेंद्र पर हमला बोल दिया। फिलहाल पुलिस ने कमलेश व उसकी बड़ी बहन गुड़िया को हिरासत में लिया है। 10 वर्ष पूर्व वीरेंद्र व उसके बड़े भाई से दोनों बहनों की शादी हुई थी। मृतक को दो लड़की हैं।

## ट्रक चालक से पकड़ 61 किलो गांजा

विकास गौतम /युरेशिया



कोसीकलां। थाना पुलिस ने नई कोसी कामर रोड पर इन्डस्ट्रियल एरिया की तरफसे आ रहे बम्बे की पुलिया के पास से एक युवक को भारी मात्रा में गांजे सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना पुलिस संदिग्धों की तलाष मे गस्त कर रही थी, इसी दौरान मुखविर ने भारी मात्रा में अबैध गांजे भरा एक ट्रक आने की सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक ट्रक को रोका तो चालक भागने लगा। पुलिस ने मौके से ही युवक को हिरासत में ले लिया। पकडे गए युवक ने अपना नाम अमजद पुत्र सरफुनिवासी खौसपरी थाना नगीना नूंह मेवात बताया। युवक के कब्जे से 61 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ के बाद युवक को जेल भेज दिया।

# सुभारती डिजाइन के छात्रों ने एचएसई यूनिवर्सिटी, रूस में इंटरनेशनल एक्सचेंज प्रोग्राम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

युरेशिया संवाददाता




मेरठ ।स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफफाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के कपड़ा और इंटीरियर डिजाइन विभाग के छात्र, रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में एचएसई विश्वविद्यालय में एक सफल छात्र सप्ताह से लौट आए हैं। हरमन कौर और अरबाज इलाही, दोनों बी.एससी इंटीरियर डिजाइन के दूसरे वर्ष में, गुल मोहम्मद, बी.एससी टेक्सटाइल डिजाइन के प्रथम वर्ष के छात्र, इस पूरी तरह से वित्त पोषित कार्यक्रम के लिए प्रमुख भारतीय विश्वविद्यालयों से चुने गए 16 उत्कृष्ट व्यक्तियों में से थे। छात्र एक कठोर शैक्षणिक कार्यक्रम में लगे रहे जिसमें लिनो कट जैसी प्रिंट मेकिंग तकनीकों पर विशेष कक्षाएं शामिल थीं। सम्मानित एचएसई प्रोफेसरों की सलाह के तहत, उन्होंने वैश्विक डिजाइन पद्धतियों में उन्नत कौशल और अंतर्दृष्टि प्राप्त की। इस कार्यक्रम ने सेंट पीटर्सबर्ग में एक समृद्ध सांस्कृतिक तल्लीनता भी प्रदान की, जिससे शहर के इतिहास और समकालीन जीवनशैली के बारे में उनकी समझ बढ़ी, जिसने उनके समग्र सीखने के अनुभव में बहुत योगदान दिया। इस आदान-प्रदान के पूरा होने पर, छात्रों को उनकी भागीदारी और उपलब्धियों को मान्यता देते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह अंतर्राष्ट्रीय मान्यता न केवल उनकी शैक्षणिक साख को बढ़ाती है बल्कि नवाचार और अंतर-सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में वैश्विक शैक्षणिक आदान-प्रदान के महत्व को भी रेखांकित करती है। हरमन कौर ने अनुभव पर विचार करते हुए कहा, ष्एचएसई के प्रोफेसरों से प्रिंटमेकिंग और लिनो कट सीखने का अवसर अविश्वसनीय रूप से ज्ञानवर्धक था। इस अनुभव ने हमारे रचनात्मक और अकादमिक क्षितिज को काफी व्यापक बना दिया है। कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) जी.के. थपलियाल ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, ष्हरमन, अरबाज और गुल ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर हमारे शैक्षणिक कार्यक्रमों के उच्च मानकों को प्रदर्शित करते हुए सुभारती विश्वविद्यालय का गौरव के साथ प्रतिनिधित्व किया है। उनकी सफलता उनके समर्पण और हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली मजबूत शिक्षा को उजागर करती है। ललित कला संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा ने ऐसे आदान-प्रदान के महत्व पर जोर दियारू ष्यह अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन हमारे छात्रों को अत्याधुनिक ज्ञान और अनुभवों से लैस करता है जो उनके पेशेवर और व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। विश्वविद्यालय की सीईओ प्रोफेसर (डॉ.) शल्या राज ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और शिक्षा में वैश्विक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। ष्इस कार्यक्रम में उनकी भागीदारी हमारे छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करने की हमारे विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो उन्हें वैश्वीकृत दुनिया में सफलता के लिए तैयार करते हैं। फैशन, टेक्सटाइल और इंटीरियर डिजाइन विभाग की प्रमुख डॉ. नेहा सिंह ने आदान-प्रदान के व्यावहारिक लाभों पर प्रकाश डालारू ष्अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से सीखना और नई संस्कृतियों की खोज से अमूल्य अंतर्दृष्टि मिलती है जिसे हमारे छात्र अपनी पढ़ाई और भविष्य की परियोजनाओं में वापस ला सकते हैं। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा देने और ऐसे प्रतिष्ठित अवसरों के माध्यम से अपने छात्रों के शैक्षिक अनुभवों को समृद्ध करने के लिए समर्पित है।

# ओपन बास्केटबॉल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग 2024 का हुआ शुभारंभ





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग ने ओपन बास्केटबॉल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग 2024 का शुभारंभ मेजर जनरल मोहन सिंह खेल मैदान में किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों जैसे ऐली ओप, बाउंस किरू, फ्लैश जंपर, स्विस हीरोज, डक स्क्वाड, शॉर्ट स्टार, कोर्ट किंग, नेट रैपर्स आदि टीमों ने भाग लिया है । प्रत्येक टीम के कप्तान के रूप में टीम का प्रतिनिधित्व अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रवीण कुमार एवं सहसंयोजक शुभम राठी के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रोफेसर डॉ संदीप कुमार संकाय अध्यक्ष शिक्षा विभाग के द्वारा मुख्य अतिथि प्रतिकुलपति डॉ हिमांशु ऐरन एवं समस्त कॉलेज के संकाय अध्यक्ष, समस्त आचार्य एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रतिकुलपति डॉ हिमांशु ऐरन के द्वारा बास्केटबॉल के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथि प्रतिकुलपति डॉ हिमांशु ऐरन द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षा संकाय अध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ संदीप कुमार एवं उनकी संपूर्ण आयोजन टीम को सफल पूर्वक टूर्नामेंट आयोजन करने की शुभकामनाएं दी। इस समारोह में उद्घाटन भाषण के दौरान विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति ने खेल के महत्व पर जोर दिया और छात्रों एवं खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं बल्कि खेल भावना और अनुशासन का भी विकास करते हैं इस प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं कार्यवाहक भी विभिन्न भूमिकाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे हैं। दर्शक भी इस टूर्नामेंट का भरपूर आनंद ले रहे हैं और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और छात्रों को उनके खेल कौशल को निखारने के लिए एक मंच प्रदान करना है। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ संदीप कुमार ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## जिला जज और डीएम एसएसपी ने किया राजकीय संप्रेषण गृह का निरीक्षण



विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा । जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों से वार्ता की तथा सीसीटीवी कैमरे, कम्प्यूटर सेंटर आदि का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह के अधीक्षक को निर्देश दिए कि सभी बच्चों के लिए अखबार मंगवाया जाए और उन्हें पढ़ने के लिए दिया। नेडा अधिकारी को निर्देश दिए कि वैकल्पिक ऊर्जा का स्टीमेंट बनाया जाए। म्यूजिक, गेम, कंप्यूटर बिना इंटरनेट के लगवाए जाएं। सभी बच्चे यहां से शिक्षित होकर जाए और अपना भविष्य तय कर सकें।

जिला जज आशीष गर्ग, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सोनिका वर्मा जिला जेल पहुंचे। सभी न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया।

बाल अपचारी की संख्या के बारे में जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने रसोई घर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एक बड़ी मशीन द्वारा रोटियां बनती मिलीं। रसोई घर में साफ-सफाई से भी अधिकारी सन्तुष्ट नजर आए। इसके बाद अधिकारी जेल चिकित्सालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहाँ निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सालय में बंदी मरीजो का इलाज किया जा रहा है। सभी बंदी मरीजों से अलग अलग बातचीत भी की गई और उनसे स्वास्थ्य व इलाज के बारे में जानकारी ली। बंदियों द्वारा खाने-पीने, रहने अथवा अन्य कोई समस्या होना नहीं बताया गया। बैरको व जेल परिसर में साफ-सफाई पाई गई।

## आधा दर्जन बाल श्रमिक मुक्त कार्रवाई से हड़कंप

विकास गौतम/ युरेशिया

मथुरा । शासन तथा एनसीपीसीआर के निर्देश पर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एम.एल.पाल के निर्देश पर मांट कस्बे,वृंदावन कट स्थित ढाबों में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमे 06 किशोर श्रमिक काम करते हुए पाए गए। इनके सेवायोजकों के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी की गई।

टीम के पहुंचने पर कस्बे में हड़कंप मच गया। कुछ लोगो ने बच्चो को भगा दिया। मौके पर सभी व्यापारियों को हिदायत दी गई कि वह बच्चो से कार्य न कराए। यह अभियान 30 जून 2024 तक जारी रहेगा। इस अभियान में प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस.पी.पांडेय, श्रीमती नीलम अवस्थी श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रभारी एचटीयू कर्मवीर सिंह, चाइल्ड लाइन से सुश्री वैशाली, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा तथा स्थानीय पुलिस फोर्स उपस्थिति रही।

# सफाई कर्मियों को ना हो कोई दिक्कत गांधी जयंती और अन्य सरकारी पर्व पर सम्मानित करें : अंजना पवार

विकास गौतम/युरेशिया




मथुरा । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजना पंवार ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन के सभागार में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्यों द्वारा देश के प्रत्येक राज्यों में भ्रमण किया जाता है तथा सफाई कर्मचारियों के संबंध में बैठकें की जाती हैं। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं शैक्षणिक उत्थान हेतु राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग कार्य कर रहा है।

अन्तिम पायदान पर खडे सफाई कर्मचारियों के हित एवं मुख्य धारा में जोड़ने हेतु आयोग निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया, जिसमें मुख्य भूमिका सफाई कर्मचारियों द्वारा निभाई गई। सफाई कर्मचारी स्वच्छता के नायक हैं, जिनको प्रधानमंत्री जी समय समय पर सम्मानित करने का कार्य करते हैं। उन्होंने नगर निगम, नगर निकाय, नगर पालिका एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सफाईकर्मियों को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के बारे में बतायें, कैसे आयोग सफाईकर्मियों की समस्याओं के लिए तत्पर है तथा उनके विकास एवं मदद के लिए स्थापित किया गया है।

नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन में जनपद में रिक्त पदों की भर्ती हेतु पत्राचार करें, जो भी पद मृतक आश्रित में हैं, उन पर तत्काल भर्ती सुनिश्चित करें। सफाईकर्मियों के सेवानिवृत्त होने से 06 माह पूर्व पेंशन आदि की कार्यवाही की जाये, जिससे समय पर उन्हें वित्तीय लाभ प्रदान किया जा सके तथा सम्मान के साथ उनको विदाई दी जा सके। सभी सफाईकर्मियों का नियमित रूप से हेल्थ चेकअप करायें, जिसमें फुल बॉडी चेकअप, एक्सरे, ईसीजी, ब्लड टेस्ट, यूरीन टेस्ट, एलर्जी टेस्ट आदि कराये जायें।

कोविड के दौरान सफाईकर्मियों ने युद्धस्तर पर कार्य किया तथा ऐसे नायकों को जनपद स्तर पर 15 अगस्त, 26 जनवरी, 02 अक्टूबर आदि महत्वपूर्ण दिवसों पर सम्मानित करना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया सभी कर्मचारियों का कैंप लगाकर आईडी कार्ड बनाये जायें, जिसमें उनके ब्लड ग्रुप, पीएफ नम्बर, ईएसआई नम्बर आदि का अंकन सुनिश्चित किया जाये। सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति हेतु एक परफोरमा तैयार करते हुए सुपरवाईजर के माध्यम उपस्थिति ली जाये। सभी कर्मचारियों को 01 से 07 तारीख तक वेतन का भुगतान अवश्य किया जाये। सभी को उनके कार्यक्षेत्र एवं मौसम के अनुसार यूनिफार्म ध् ड्रेस उपलब्ध करायी जाये। कर्मचारियों को उनके वेतन की पे स्लिप उपलब्ध करायी जाये तथा उसमें स्पष्ट अंकन होना चाहिए कि कितना पैसा, किस किस मद में काटा जा रहा है, जैसे पीएफ, ईएसआई आदि। कर्मचारियों का पुराना भुगतान / एरियर का समय से पेमेंट किया जाये। उन्होंने उपस्थित सफाई कर्मियों से छुटटी के संबंध में जानकारी ली, जिस पर सफाईकर्मियों ने बताया कि उन्हें प्रति मंगलवार को छुटटी दी जाती है।

उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि बाल्मिकी बस्ती में सामुदायिक भवन होने चाहिए तथा सभी सामुदायिक भवनों में एक कमरा लाईब्रेरी के रूप में विकसित करें। वहां पर रहने वाले बच्चों को पढ़ाई हेतु प्रोत्साहन मिलेगा तथा लाईब्रेरी के माध्यम से बच्चों का ज्ञानवर्धन होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों के परिवारजनों का आयुष्मान कार्ड बनवायें। समय से सफाईकर्मियों की डीपीसी सुनिश्चित की जाये। बैठक में मा0 उपाध्यक्ष जी ने वृन्दावन के बीकानेर होटल परिसर में सीवर में उतरे तीन सफाईकर्मियों की मौत के संबंध में जानकारी ली। निर्देशित किया कि बिना सेफ्टी गार्ड के नालों में सफाईकमियों से सफाई न करायी जाये। जिन सफाईकर्मियों की मृत्यु हुई है उनके परिजनों को आर्थिक सहायता हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, डिप्टी कलेक्टर प्रीति जैन, सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल, एसपी सुरक्षा बीबी चौरसिया सहित सफाईकर्मी मौजूद रहे।

# मथुरा के एक निजी अस्पताल से हारे राम कुमार को केएम ने दिया नया जीवन

## न्यूरो सर्जरी ने आयुष्मान के जरिए निःशुल्क किया का इलाज, मरीज के परिजनों ने दिया डाक्टर्स को साधुवाद

### रामकुमार के पूरे शरीर में गांठ होने से हो गया था बेजान

विकास गौतम/युरेशिया



मथुरा। विश्वस्तरीय इलाज के लिए जाने वाले केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में असंभव इलाज भी संभव हो रहे है। केएम की न्यूरो सर्जरी के स्पेशिलिस्ट डा. संदीप चौहान ने आयुष्मान योजना के तहत सर्जरी के माध्यम से रामकुमार का न्यूरोफाइब्रोमैटॉसिस से निजात दिलाकर नया जीवन दिया है। इस सफलता के लिए केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, वाइस चालंसर डा. डीडी गुप्ता, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने न्यूरो सर्जरी की डाक्टर्स टीम को बधाई दी है।

इस मुश्किल ऑपरेशन पर डा. संदीप चौहान ने बताया कि न्यूरोफाइब्रोमैटॉसिस बीमारी में पूरे शरीर में गांठ (न्यूरोफाइब्रोम) होने की समस्या एक लाख लोगों में से एक को होती है।

विदित रहे कि 31 वर्षीय रामकुमार पुत्र दीन दयाल निवासी कृष्णा बिहार कॉलौनी कोसीकलां को एक जून को रीढ़ में गांठ उठी और धीरे धीरे उसके पूरे हाथ पैर सब जगह (न्यूरोफाइब्रोम) (गांठें) होती चली गई। रामकुमार की यह हालत हो गई कि वह जिंदा होते हुए भी मरणासन्न हालत था, उसके हाथ-पैर मूमेंट नहीं कर पा रहे थे। परेशान रामकुमार के परिजनों ने न्यूरोफाइब्रोमैटॉसिस बीमारी का इलाज कराने को जयपुर, नोएडा, आगरा, फरीदाबाद, दिल्ली दिखाया जहां सभी ने उसका इलाज करने से इंकार कर दिया। उसके बाद मथुरा के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा जहां भी उसको निराशा हाथ लगी, वहां भी चिकित्सकों ने उसका इलाज करने से इंकार कर दिया। बेहतरीन इलाज के लिए लोगों ने केएम हॉस्पिटल की सलाह दी तो उन्होंने न्यूरो सर्जरी विभाग के स्पेशिलिस्ट डा. संदीप चौहान को दिखाया, ऑपरेशन जोखिम भरा था लेकिन फिर भी चिकित्सक ने सारे टेस्ट होने के बाद उसका 6 घंटे सर्जरी की और वह सफल रहीं। आज उसकी हालत में सुधार है वह हाथ-पैरों से मूमेंट कर रहा बोल रहा है। इस ऑपरेशन में डा. संदीप का सहयोग डा. नवसंगीत, डा. भूपेन्द्र, डा. सौमया, डा. नेहा के अलावा नर्सिंग और ओटी के इंचार्ज विशवेन्द्र और शिवकुमार की टीम ने किया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com ( किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य )